दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-08 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 11 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव, राहुल गांधी को छोड़ 118 सांसदों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। संसद के बजट सत्र में आए दिन हंगामा देखने को मिल रहा है। इसी बीच, अब मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विपक्ष ने स्पीकर पर सदन के कामकाज में पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया है।

विपक्ष के सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लोकसभा महासचिव को रूल 94(सी) के तहत अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा है। इस नोटिस पर विपक्ष के 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। यह प्रस्ताव लोकसभा में कांग्रेस के डिप्टी लीडर गौरव गोगोई ने पेश किया है, जिसमें संविधान के आर्टिकल 94(सी) का इस्तेमाल करते हुए स्पीकर को हटाने का प्रावधान है।नोटिस में विपक्ष ने स्पीकर पर सदन की कार्यवाही खुलेआम पक्षपातपूर्ण तरीके से चलाने और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं को बार-बार बोलने का मौका न देने का आरोप लगाया।अपने आरोप को साबित करने के लिए प्रस्ताव में कई उदाहरणों का हवाला दिया गया। इसमें कहा गया कि 2 फरवरी को राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना संबोधन पूरा नहीं करने दिया गया। 3 फरवरी को आठ विपक्षी सांसदों को बजट



सेशन के बाकी समय के लिए मनमाने ढंग से सस्पेंड कर दिया गया, जिसके बारे में नोटिस में दावा किया गया कि यह सदस्यों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करने के लिए सजा देने जैसा है।

पत्र में विपक्ष ने 4 फरवरी की एक घटना का भी जिक्र किया, जब विपक्षी सदस्यों के बार-बार कहने के बावजूद, एक भाजपा सांसद को कथित तौर पर चेयर से बिना किसी डांट के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों पर पूरी तरह से आपत्तिजनक और निजी हमले करने की इजाजत दी गई थी और संबंधित सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

वहीं, स्पीकर ओम बिरला द्वारा 5 फरवरी को मोशन ऑफ थैंक्स को वॉयस वोट से पास करने के बाद की गई बातों पर भी आपत्ति जताई गई। सदन में अपने बयान में बिरला ने विपक्षी सदस्यों पर पहले कभी नहीं हुए सीन बनाने का आरोप लगाया था और कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री से एक संभावित अप्रिय घटना को टालने के लिए सदन में न आने का अनुरोध किया था।

विपक्ष के अनुसार, इन बातों में कांग्रेस सांसदों के खिलाफ साफ तौर पर झूठे और अपमानजनक आरोप लगाए गए हैं। नोटिस में कहा गया कि स्पीकर, जिन्हें प्रोसीजर के नियमों और पार्लियामेंट्री डेकोरम का कस्टोडियन होना जरूरी है, ने ऐसे बयान देने के लिए हाउस फ्लोर को चुना, जो इस संवैधानिक संस्था का गलत इस्तेमाल है।

विपक्ष ने कहा कि हालांकि वह स्पीकर का पर्सनली सम्मान करता है, लेकिन उसे इस बात से दुख और तकलीफ है कि विपक्षी सांसदों को लोकसभा में लोगों की चिंता के जायज मुद्दे उठाने से लगातार रोका जा रहा है।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व.राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जयंती पर विधानसभा परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## या तो नरवणे झूठ बोल रहे हैं या पेंगुइन..', राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ का दिखाया 2023 का ट्वीट

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे (सेवानिवृत्त) की कथित अप्रकाशित किताब के सर्कुलेशन को लेकर दर्ज FIR की जांच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला



बोला है। राहुल गांधी ने इस मामले में जनरल नरवणे का एक पुराना सोशल मीडिया पोस्ट मीडिया के सामने रखते हुए सरकार और प्रकाशक की भूमिका पर सवाल खड़े किए।

राहुल गांधी ने कहा कि जनरल नरवणे के एक पुराने पोस्ट में उन्होंने स्वयं लिखा था कि उनकी किताब उपलब्ध है और उसे खरीदने के लिए लिंक भी साझा किया गया था। ऐसे में यह दावा समझ से परे है कि किताब प्रकाशित ही नहीं हुई।

**'या तो नरवणे गलत हैं या प्रकाशक'**

राहुल गांधी ने कहा, या तो जनरल नरवणे झूठ बोल रहे हैं या फिर प्रकाशक गलत बयान दे रहा है। मुझे नहीं लगता कि देश के पूर्व आर्मी चीफ झूठ बोलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रकाशक का दावा है कि किताब प्रकाशित नहीं हुई, जबकि वह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध बताई जा रही है। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि यदि किताब सार्वजनिक मंच पर उपलब्ध थी और इसके प्रचार से जुड़े पोस्ट मौजूद हैं, तो फिर स्नङ्कक्र दर्ज करने की आवश्यकता क्यों पड़ी।

**सरकार के लिए असहज सच होने का आरोप**

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जनरल नरवणे की किताब में संभवत: ऐसी बातें लिखी गई हैं, जो भारत सरकार और प्रधानमंत्री के लिए असहज हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसी वजह से इस पूरे मामले को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अब देश को तय करना है कि वह पूर्व आर्मी चीफ की बात पर भरोसा करता है या प्रकाशक के बयान पर।गौरतलब है कि जनरल एम.एम. नरवणे की अनपब्लिस्ड किताब के कथित सर्कुलेशन को लेकर FIR दर्ज की गई है, जिसकी जांच चल रही है।

## विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति सम्मान के लिये विभूतियों का चयन

### विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति सम्मान समारोह 14 फरवरी 2026 को



भोपाल (निप्र)।समारोह के सन्दर्भ में 22 विचित्र विला प्रोफेसर कालोनी भोपाल में कार्यक्रम के पूर्व एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सैय्यद साजिद अली एडवोकेट ने की। कार्यक्रम की जानकारी समिति के सांस्कृतिक सचिव विलक्षण सक्सेना द्वारा दी गई। विचित्र कुमार सिन्हा जी की स्मृति में आयोजित होने वाले सम्मान सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये दिये जाते है, जिस हेतु विभूतियों की चयन प्रक्रिया सभी समिति सदस्यों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ । चयन हेतु विभिन्न समितियां बनाई गईं थीं जिन्होंने सम्मानित होने वाली विभूतियों के नाम तय किये जो इस प्रकार हैं, शौर्य सम्मान- ग्रुप केप्टन स्वर्गीय श्री वरूण सिंह, कर्मठ राजनैतिज्ञ सम्मान- श्री भगवानदास सबनानी, पत्रकारिता सम्मान- श्री पंकज श्रीवास्तव, समाजसेवी सम्मान- गुरूदेव श्री सुदेश शांडिल्य, साहित्य सेवी सम्मान-श्री दिनेश मालवीय, पत्र छायाकार सम्मान-श्री प्रवीण दीक्षित, गंगाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति कुशल प्रशासक सम्मान- श्री एस.एन. मिश्रा, विजय गुप्ता स्मृति विधिसेवी सम्मान- श्री अशोक पांडे, रविंद्र पंड्या स्मृति जनसंचार सेवी सम्मान- श्री अशोक मनवानी को प्रदान किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से के.के.सक्सेना, जी.के.छिब्बर, आई.व्ही. शास्त्री, ललित जैन, अशोक सोनी, उमेश राव घोलप, महेश सक्सेना, ऋतुकांत सिन्हा, राकेश श्रीवास्तव, वात्सल्य जैन, विभा श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, साजिद अली, रवि वर्मा, अजय गुप्ता, श्रीमति उषा जायसवाल, श्रीमति भावना सक्सेना सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान कोटरा सुल्तानाबाद लिंक रोड नं. 3 भोपाल में दिनांक 14 फरवरी 2026, दिन शनिवार शाम 5 बजे से होगा।

## रक्षा मंत्रालय द्वारा फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की मंजूरी इस सप्ताह मिलने की संभावना

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारत का रक्षा मंत्रालय इस सप्ताह फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की एक बड़ी डील को मंजूरी दे सकता है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, यह सौदा भारतीय वायुसेना के लिए



किया जा रहा है, जिसकी कुल कीमत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह मंजूरी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से पहले दी जा सकती है। इसके बाद इस सौदे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी से भी मंजूरी लेनी होगी। इस प्रस्ताव के अनुसार, भारत फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन से 18 राफेल विमान सीधे खरीदेगा। बाकी 96 विमान भारत में ही बनाए जाएंगे। इनमें से कुछ विमान दो सीट वाले होंगे, जिनका उपयोग पायलटों को ट्रेनिंग देने के लिए किया जाएगा। इस डील में आधुनिक तकनीक भारत को देने और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने की बात भी शामिल है।

भारतीय वायुसेना के के बेड़े में पहले से ही दो स्क्वाड्रनों में 36 राफेल विमान शामिल हैं, जिनमें से सी वेरिएंट की अंतिम डिलीवरी दिसंबर 2024 में हुई थी। इसके अलावा भारतीय नौसेना ने भी एम वेरिएंट के 26 राफेल विमानों का ऑर्डर भी दिया गया है, जिनकी कीमत करीब 63,000 करोड़ रुपए है।




## मध्य प्रदेश में सर्दी से दो दिन राहत, फिर लौटेगी ठंड, फरवरी में जारी रहेगा मौसम में उतार-चढ़ाव

भोपाल, (निप्र.) । मध्य प्रदेश में फिलहाल अगले दो दिन तक कड़ाके की ठंड से राहत रहेगी। इस दौरान तापमान में 3 से



4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। हालांकि, यह राहत ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। पहाड़ी इलाकों से गुजर रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कमजोर पड़ने और बर्फ पिघलने के बाद प्रदेश में एक बार फिर उत्तर से सर्द हवाएं चलेंगी, जिससे ठिठुरन बढ़ेगी।मौसम विभाग के अनुसार, फरवरी महीने में मौसम का मिजाज लगातार बदलता रहेगा। अभी बारिश की कोई संभावना नहीं है, लेकिन तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है। वहीं, पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश के आसार बने हुए हैं।

## देश भर में बच्चों के गायब होने के पीछे कोई नेटवर्क सुप्रीम कोर्ट सख्त, सरकार को दिए सख्त निर्देश

नई दिल्ली(ए.)। देश में बच्चों के लगातार लापता होने की घटनाओं को गंभीर मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह पता लगाने को कहा है कि क्या इसके पीछे कोई राष्ट्रव्यापी संगठित नेटवर्क सक्रिय है या फिर यह समस्या केवल कुछ राज्यों तक सीमित है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह जानना जरूरी है कि इन घटनाओं में कोई समान पैटर्न है या ये अलग-अलग और असंबद्ध मामले हैं।जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने केंद्र सरकार से निर्देशित किया कि वह सभी राज्यों से बच्चों के लापता होने से जुड़ा विस्तृत डेटा एकत्र कर उसका विश्लेषण करे। पीठ ने कहा कि हाल के दिनों में इस तरह की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी ने बताया कि कुछ राज्यों ने बच्चों के



लापता होने से जुड़ा आंकड़ा और मामलों की वर्तमान स्थिति उपलब्ध कराई है, लेकिन अब भी करीब एक दर्जन राज्यों से जानकारी नहीं मिल सकी है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण डेटा मिलने के बाद ही किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है

इस पर पीठ ने कहा कि अदालत यह जानना चाहती है कि क्या बच्चों के अपहरण और लापता होने के मामलों के पीछे कोई संगठित तंत्र काम कर रहा है या फिर यह अलग-अलग घटनाएं हैं, जिनका आपस में कोई संबंध नहीं है। अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि जिन बच्चों को अपहरण के बाद सुरक्षित बरामद किया गया है, उनके इंटरव्यू किए जाएं, ताकि अपराध के तरीकों और इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा सके।सुप्रीम कोर्ट ने उन राज्यों पर भी नाराजगी जताई, जिन्होंने अब तक आवश्यक जानकारी साझा नहीं की है। पीठ ने संकेत दिया कि जरूरत पड़ी तो इस मामले में सख्त आदेश भी जारी किए जा सकते हैं। केंद्र सरकार ने अदालत को भरोसा दिलाया कि सभी राज्यों से डेटा जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।गौरतलब है कि इस मामले में एक एनजीओ की ओर से याचिका दायर की गई थी। इससे पहले 9 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह पिछले छह वर्षों में देशभर में लापता हुए बच्चों का पूरा डेटा संकलित करे।

## मप्र के इंदौर में दूषित पानी से दो और मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर 35 हुई

इंदौर (निप्र.) । मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से दो और लोगों की मौत



हो गई। यहां 75 साल के बुजुर्ग शालिग्राम ठाकुर ने सोमवार रात और दो साल की बच्ची रिया प्रजापति ने मंगलवार को सुबह दम तोड़ दिया। इसके बाद इंदौर में दूषित पानी से मरने वालों की संख्या 35 हो गई है।शालिग्राम की बेटी मोना बघेल ने बताया कि गत 2 जनवरी को उलटी-दस्त के कारण उनके पिता को शेल्बी अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहां से उन्हें आराम नहीं मिलने पर बॉम्बे अस्पताल में रेफर कर दिया गया था, जहां वे वेंटिलेटर पर ही थे। मंगलवार की रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन का कहना है कि 18 साल पहले उन्हें लकवा हुआ था। इसके अलावा उन्हें कोई तकलीफ नहीं थी। वहीं, बॉम्बे अस्पताल के जनरल मैनेजर राहुल पाराशर ने बताया कि मरीज को शुरू से ही कार्डियक की तकलीफ थीदो साल की बच्ची रिया पिता सूरज प्रजापति ने बताया कि उनकी बेटी को 27 दिसंबर को उलटी-दस्त के कारण एक निजी अस्पताल में दिखाया था।



## अमेरिका से डील नहीं ढील हुई है , लोकसभा में बोले अखिलेश यादव

नई दिल्ली(आरएनएस)। लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा का पक्ष है कि हमने दुनिया में बहुत देशों से FTA कर लिया है... जो लोग कभी रुपए के बारे में बहुत चिंता करते थे कभी उम्र से कभी दूसरे तरीके से, इतने FTA के बाद हमारा रुपया कहां पहुंचेगा? अमेरिका से डील नहीं ढील हुई है। 500 बिलियन डॉलर का व्यापार? एकतरफा? हमारी आत्मनिर्भरता कहां जाएगी? स्वदेशी नारा कहां जाएगा? हमारे देश की जनता भाजपा से कह रही है जहां तक हमें मालूम है डील एकतरफा नहीं होती है। जनता जानना चाहती है कि 0 बड़ा कि 18 लोकसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने कहा, ...अमेरिका से डील नहीं हुई है... क्यों झूठे ख्यालों में दिन-रात करें, जो बनाते हैं हवा में बातों के महल आओ उनसे कुछ ज़मीनी बात करें।



# प्रदेश में मत्स्य उत्पादन दोगुना करने की दिशा में सक्रियता से करें कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**कृषक कल्याण वर्ष में मत्स्य पालकों की आर्थिक समृद्धि के लिए बनाई जाए कार्य योजना संभाग स्तर पर बनेंगे मछली घर**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा**



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश के सभी किसानों और मछुआरों की आर्थिक समृद्धि के लिए संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है, इसके साथ हमें मत्स्य उत्पादन में भी सक्रियता से कार्य कर आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मत्स्य पालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश में मछली पालन के साथ ही एक्वाकल्चर के क्षेत्र में भी कार्य किया जाए। प्रदेश में ऐसा इको सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे मछुआरों का आर्थिक सशक्तिकरण हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषक कल्याण को समर्पित करते हुए यह वर्ष मना रही है। मध्यप्रदेश को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करें। मछुआ सम्मेलन आयोजित कर मत्स्य पालन में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। सीड प्रोडक्शन बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। प्रदेश में संचालित मत्स्य महासंघ के सुव्यवस्थित उपयोग के लिए भी कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि कम भू-जल स्तर वाले जिलों में फॉर्म पॉन्ड मॉडल के माध्यम से मत्स्य उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए एक जिले को मॉडल के रूप में तैयार किया जाए, जिसमें मत्स्य उत्पादन के साथ ही सिंघाड़ा, कमल गट्टा, मखाना सहित अन्य एक्वाकल्चर आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दिशा में मध्यप्रदेश केज कल्चर नीति पर कार्य किया जा रहा है। इसमें 10 हजार केज हितग्राही मूलक योजना में और 90 हजार केज उद्यमी मॉडल के अंतर्गत तैयार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के विषय में भी अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। बैठक में भोपाल में प्रस्तावित विशेष प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क एंड रिसर्च सेंटर की जानकारी भी दी गई।

## एमपी बोर्ड 12वीं की परीक्षाएं शुरू, पहले दिन 7 लाख से ज्यादा छात्रों ने दिया पेपर, प्रशासन ने रखी कड़ी निगरानी

**– भोपाल में 104 परीक्षा केंद्रों पर 2600 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा**

भोपाल(ए.)। मध्य प्रदेश में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत मंगलवार से हो चुकी है। पहले दिन विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। इस बार प्रदेशभर से लगभग 7 लाख छात्र फाइनल परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षाओं के आयोजन के लिए राज्य में कुल 3856 परीक्षा केंद्र तय किए गए हैं। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए हैं। नकल पर रोक लगाने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए गए हैं, केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है और प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई है। बोर्ड की सभी परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। राजधानी भोपाल में 104 परीक्षा केंद्रों पर 2600 विद्यार्थियों ने पेपर दिया।इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10वीं और 12वीं को मिलाकर प्रदेशभर से 16 लाख से ज्यादा विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें लगभग 9 लाख 7 हजार छात्र 10वीं की परीक्षा दे रहे हैं, जबकि करीब 7 लाख विद्यार्थी 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए हैं। इतने बड़े पैमाने पर हो रही परीक्षाओं को सुचारु, निष्पक्ष और नकल-मुक्त बनाने के लिए शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने काफी पहले से तैयारी कर ली थी।

## मेडिकल छात्रा का शव हॉस्टल के बाथरुम में मिला, पास पड़ी थी एसिड की बॉटल

**– फर्स्ट सेमेस्टर के पेपर बिगड़ने की जानकारी आई सामने**

भोपाल(ए.)। शहर के कोहेफिजा थाना इलाके में स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही छात्रा की सदिंग्ध हालत में मौत हो जाने की घटना सामने आई है। छात्रा का शव बाथरूम में पड़ा था, वहीं शव के पास ही एसिड की बोतल भी मिली है। मृतक छात्रा रोशनी ने पिछले साल ही अक्टूबर में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिया था। शुरुआती जॉच में आत्महत्या का सही कारण सामने नहीं आया है। लेकिन प्राथमिक जांच में छात्रा के प्रथम सेमेस्टर के पेपर बिगड़ने की जानकारी सामने आई है। आंशका है की पढ़ाई को लेकर डिप्रेशन में आकर ही उसने खुदकुशी की है। फिलहाल पुलिस आगे की जॉच करने में जुटी हैं। मिली जानकारी के अनुसार आलीराजपुर जिला की रहने वाली रोशनी कुलेश पिता बंतर सिंह कुलेश (19) का इसी साल एमबीबीएस में सिलेक्शन हुआ था। जिसके बाद उसने पिछले साल ही अक्टूबर में गांधी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर में एडमिशन एडमिशन लिया था। रोशनी कुलेश डे-स्कॉलर थी, और कोहेफिजा थाना क्षेत्र में कोहेफिजा स्थित बीडीए कॉलोनी में स्थित हॉस्टल में किराए से रहती थी। उसके साथ जीएमसी की ही एक अन्य छात्रा वैष्णवी मंडलोई भी साथ रहती थी। जीएमसी में प्रथम सेमेस्टर के पेपर बीती 28 जनवरी को समाप्त हुए थे।



## आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन में होगा सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर प्रयोग

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन-2027 में सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग करेगा। इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने में मदद मिलेगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने मंगलवार को इस कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियाँ समय-सीमा में पूरी करें। बैठक में केन्द्र सरकार की संस्था NICSI के प्रतिनिधि ने स्थानीय निर्वाचन में मतदाता, मतदान, ट्रेकिंग टूल, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक एवं ए.आई. आधारित मतदाता सूची एवं मतदाता सत्यापन सहित अन्य सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित विषयों पर विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने आयोग के अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की निर्वाचन प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग से कुछ पृथक है। अत: इसे ध्यान में रखकर ऐप बनायें। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारी उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश में नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अपर मुख्य सचिव गृह की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

**आंतरिक सुरक्षा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा**




भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग शिव शेखर शुक्ला की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, आंतरिक सुरक्षा की स्थिति तथा संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा करना रहा। इस दौरान आपराधिक न्याय प्रणाली, फॉरेंसिक व्यवस्था, जेल प्रबंधन, साइबर अपराध नियंत्रण, आतंकवाद निरोध, मादक पदार्थ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, पुलिस आधुनिकीकरण सहित राज्य से जुड़े अन्य विशिष्ट मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भारत सरकार, गृह मंत्रालय की ओर से संयुक्त सचिव (आंतरिक सुरक्षा-II) सुश्री निष्ठा तिवारी एवं संयुक्त निदेशक सुश्री अमृता डेस, उपस्थित रहीं। अतिथियों का औपचारिक स्वागत पुलिस महानिरीक्षक एवं सचिव, गृह विभाग श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु द्वारा किया गया। समीक्षा बैठक में गृह विभाग एवं पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विधि एवं विधायी कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, लोक अभियोजन, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) तथा मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने सहभागिता की।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, एफआईआर होने पर शादी का वादा कर किया राजीनामा

**– राजीनामे के बाद आरोपी ने फिर दुष्कर्म किया शादी से इंकार**

भोपाल(ए.)। कोलार थाना इलाके में पहचान बढ़ने पर एक युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर पहले तो उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसके साथ करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करा दिया। एफआईआर होने के बाद आरोपी युवक ने उससे वादा किया की वह जल्द ही उससे शादी करेगा। उस पर विशवास कर पीड़िता ने प्रकरण में राजीनामा कर लिया। आरोप है कि राजीनामे के बाद दो महीने पहले युवक ने फिर उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में शादी करने से मना कर दिया। परेशान युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।मिली जानकारी जानकारी के अनुसार कोलार इलाके में किराए से रहने वाली 29 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की वह ओपन काउंसलर का काम करती है।





मानव अधिकार आयोग (कार्यवाहक) अध्यक्षअवधेश प्रताप सिंह ने इंदिरा गांधी गैस राहत अस्पताल का औचक निरीक्षण कर मरीजों एवं ऑक्सीजन प्लांट और ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया

## संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने में संभाग व जिला प्रभारियों की अहम भूमिका : हेमंत खण्डेलवाल

भोपाल,(निप्र)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभाग एवं जिला प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित किया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी चुनावों की तैयारी और बूथ स्तर तक कार्य विस्तार पर विशेष जोर दिया गया।प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों को निष्ठा, ईमानदारी और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निभाना ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने में संभाग और जिला प्रभारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक जिला प्रभारी को संभाग प्रभारियों के साथ निरंतर संवाद और समन्वय बनाकर संगठनात्मक कार्यों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना होगा। हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि जिला प्रभारी सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने प्रभार वाले जिले में प्रवास करें और रात्रि विश्राम भी वहीं करें। इससे संगठनात्मक गतिविधियों की सतत समीक्षा और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद संभव होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आगामी समय में लगातार चुनाव होंगे और संगठन तभी सुदृढ़ रहेगा, जब जिला और बूथ स्तर पर उसका नेटवर्क मजबूत होगा।

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं जनसुनवाई में 152 आवेदन प्राप्त हुए

भोपाल (निप्र)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी, एडीएम प्रकाश नायक, एवं पी सी शाक्य ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया।



जनसुनवाई में आए नागरिकों से 152 आवेदन प्राप्त हुए।इस मौके पर एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी, एडीएम नायक, श्री शाक्य ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## स्मार्ट मीटर पखवाड़ा शुरू, उपभोक्ता जागरुकता के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान

भोपाल (निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 9 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत उपभोक्ता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान संचालित है। कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बताया कि



स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के दौरान उपभोक्ताओं को जहां स्मार्ट मीटर के फायदे बताए जा रहे हैं, वहीं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जा रहा है। इस दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से होने वालें लाभों जैसे भुगतान सुविधा, रियल टाइम डेटा, खपत पर बेहतर नियंत्रण, सही एवं पारदर्शी बिलिंग, बेहतर सेवा के संबंध में व्यापक रूप से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन में उपाय एप की डाउनलोडिंग एवं लाइव डेमोस्ट्रेशन किया जा रहा है, जिससे वे चौबीसों घंटे ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकें।स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के दौरान गांव, शहर के मोहल्लों में घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर के फायदों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा पंप्लेट, पोस्टर, वीडियो, ऑडियो, रेडियो, टीवी, सोशल मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जगह-जगह फ्लेक्स, होर्डिंग्स लगाकर जागरूक किया जा रहा है। स्व-सहायता समूहों, आंगनवाडी कार्यकर्ता आदि के द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान चेक मीटर लगाकर स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली को परंपरागत मीटरों से तुलना करके भी बताया जा रहा है ।

# इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिये रहे जागरुक

**सेफर इंटरनेट डे 2026 पर एआई और साइबर जोखिमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**




भोपाल (निप्र)। सेफर इंटरनेट डे-2026 के अवसर पर इस वर्ष की निर्धारित थीम एआई और उभरते साइबर जोखिम के तहत राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी) मध्यप्रदेश राज्य इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार और जागरूक उपयोग के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा निदेशालय के आयुक्त अवधेश शर्मा उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी कमलेश जोशी ने की। इस अवसर पर एनआईसी राज्य इकाई के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की। साथ ही प्रदेश के सभी शासकीय एवं स्वायत्त इंजीनियरिंग तथा पॉलिटेक्निक संस्थानों के शिक्षक एवं विद्यार्थी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग जहां विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है, वहीं इसके दुरुपयोग से साइबर अपराधों के नए स्वरूप सामने आ रहे हैं। एआई-सक्षम धोखाधड़ी, डीपफेक तकनीक, वॉयस क्लोनिंग, व्यक्तिगत संदेशों के माध्यम से ठगी और स्वचालित साइबर हमलों जैसे खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।विशेषज्ञों ने साइबर स्वच्छता की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए मजबूत पासवर्ड का उपयोग, संदिग्ध लिंक या संदेशों से सावधानी, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से बचाव तथा नियमित रूप से डिजिटल उपकरणों के अपडेट रखने जैसे उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में नागरिकों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर बताया गया कि सेफर इंटरनेट डे प्रत्येक वर्ष फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व के लगभग 160 देशों में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को इंटरनेट एवं डिजिटल तकनीक के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना है।कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी जिलों में जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र के सहयोग से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालयों में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## महाशिवरात्रि मेला : छोटा महादेव में व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर-एसपी ने दिए निर्देश

### छोटा महादेव मेले की तैयारियों का निरीक्षण

बैतूल (ए.)। महाशिवरात्रि के अवसर पर बैतूल जिले के रानीपुर स्थित प्राचीन छोटा महादेव मंदिर में दूर-दराज़ से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए बैतूल कलेक्टर



नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने मंगलवार को मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मेले के पहुंच मार्गों का अवलोकन करते हुए कुछ स्थानों पर झाड़ियों की छंटाई कराने तथा मार्गों की आवश्यक मरम्मत और समतलीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, जिससे वाहनों का आवागमन सुगम हो सके। उन्होंने निर्धारित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर सुव्यवस्थित पार्किंग प्रबंधन, संकेतक बोर्ड लगाने एवं यातायात व्यवस्था को नियंत्रित रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर-एसपी ने मंदिर परिसर पहुंचकर दर्शन व्यवस्था का अवलोकन किया और निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित मार्ग से ही आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। किसी भी अन्य स्थान से पहाड़ी पर चढ़ने से रोकने के लिए आवश्यक बेरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड एवं सूचना डिस्प्ले लगाए जाएं।

# मप्र के ग्वालियर में कलश यात्रा में भगदड़, एक महिला की मौत, एक बच्ची समेत 9 लोग घायल

ग्वालियर(ए.)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के डबरा नगर में मंगलवार को नवग्रह शक्तिपीठ की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले निकाली जा रही कलश यात्रा के दौरान स्टेडियम ग्राउंड में अचानक भगदड़ मच गई। इस हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची समेत 9 लोग घायल हुए हैं।जानकारी के मुताबिक, ग्वालियर के डबरा नगर में 12 एकड़ क्षेत्र में बनाए गए नवग्रह शक्तिपीठ की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मंगलवार से शुरू हुआ, जो 20 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा हैं। आयोजन के पहले दिन नगर में विशाल कलश यात्रा निकाली जानी थी। कलश यात्रा का समय दोपहर एक बजे का था, लेकिन महिलाएं सुबह 9 बजे से ही स्टेडियम ग्राउंड पहुंचने लगी थीं। देखते ही देखते भीड़ बढ़ती गई और कलश वितरण शुरू होते ही अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में 70 वर्षीय महिला रति साहू की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची समेत 9 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है।बताया जा



रहा है कि कार्यक्रम में कलश बांटते वक्त पुलिस ने एक गेट को बंद कर दिया। इससे कई महिलाएं दब गईं।

मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल 70 वर्षीय रति साहू की डबरा सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस और अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।मृतक रति साहू की बहू रीना साहू ने आरोप लगाया कि हादसा पुलिस की लापरवाही के कारण हुई है। पुलिसकर्मी ने गेट खोलकर अचानक बंद कर दिया, जिससे महिलाएं दब गईं। रीना साहू ने यह भी बताया कि डबरा सिविल अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर्स ने इलाज नहीं किया। रीना साहू ने बताया कि मेरी सास को समय पर ऑक्सीजन नहीं मिल पाई। वह आधे घंटे तक अस्पताल में तड़पती रहीं और उनकी मौत हो गई।हादसे के बाद डबरा पहुंचे ग्वालियर के डीआईजी अमित सांघी ने बताया कि कलश यात्रा के दौरान भगदड़ में 70 वर्षीय महिला की जान गई है। मामले में मर्ग कायम किया गया है। हमारी टीम मौके पर मौजूद है। घायलों की मदद की जा रही है। भगदड़ मचने को लेकर जांच जारी है।कलेक्टर रुचिका चौहान ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि सुबह कलश यात्रा थी। कलश लेने के लिए बड़ी संख्या में महिला जमा थीं। सभी लोगों को कलश लेने की जल्दी थी। इसी दौरान भगदड़ मची। एक महिला की मौत हुई है, बच्ची समेत कुछ लोग घायल हैं। डॉक्टर ने ऑब्जर्वेशन में रखा हुआ है।

## अमिताभ बच्चन के खिलाफ नागदा में परिवाद दायर, मामले में अगली सुनवाई 12 फरवरी को

नागदा,(ए.)। लोकप्रिय टेलीविजन कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति में कथित रूप से असत्य एवं भ्रामक जानकारी प्रसारित करने के आरोप में फिल्म अभिनेता



अमिताभ बच्चन के विरुद्ध उज्जैन जिले के प्रथम श्रेणी न्यायालय, नागदा में परिवाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा अमिताभ बच्चन के नाम से जारी नोटिस मुंबई स्थित उनके निवास जलसा, जूहू के पते से बैरंग लौट आया है। मामले में अगली सुनवाई 12 फरवरी को निर्धारित की गई है। यह परिवाद वरिष्ठ अभिभाषक एल.एन. लोहरवाड एवं नोटरी आर.के. ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण की पैरवी वरिष्ठ अभिभाषक एस.के. साहू कर रहे हैं। न्यायालय सूत्रों के अनुसार मामला वर्तमान में यूएनसीआर के रूप में पंजीबद्ध है।परिवाद का आधार परिवाद के अनुसार सोनी लिव चैनल पर 23 दिसंबर 2025 को प्रसारित केबीसी सीजन-17 के एपिसोड क्रमांक 97 में कार्यक्रम के अंतर्गत 'रोचक जानकारी' खंड के दौरान अमिताभ बच्चन द्वारा मध्य प्रदेश के नागदा को एक छोटा सा गांव बताया गया।

# प्रदेश में सालों से नहीं हो रही भर्ती, प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन




जबलपुर (ए.)। जबलपुर के घंटाघर क्षेत्र में मंगलवार को पूर्वान्ह नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन (एनईयूआई), जबलपुर के नेतृत्व में एमपीपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों द्वारा अपनी न्यायोचित मांगों के समर्थन में एक शांतिपूर्ण ज्ञापन-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की लंबित भर्तियों के शीघ्र निराकरण, चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार अंकों के सार्वजनिक प्रकाशन, वेटिंग लिस्ट जारी कर रिक्त पदों को भरने तथा 87:13 अनुपात के अंतर्गत रोके गए पदों पर स्पष्ट एवं अंतिम निर्णय लेने की मांग उठाई। अभ्यर्थियों का कहना था कि वर्षों से लंबित प्रक्रियाओं के कारण हजारों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब से आयु सीमा पार करने की समस्या भी उत्पन्न हो रही है, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को अवसर से वंचित होना पड़ रहा है।प्रदर्शन के उपरांत संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई। एनईयूआई के जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा, अविनाश गोस्वामी, विपिन विश्वकर्मा, धीरज शर्मा, आदित्य साहू, अश्विनी गुप्ता, रचित नामदेव, पंकज ठाकरे, अनीकेत रजक, मनीष क्षितिज, गणवीर, साहिल लोढ़ी, अभिषेक दुबे, देव कुमार , श्रीयांश, ज़ैद, इरफ़ान उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति चल रहा था मदिरा बार

### गरुड दल ने किया सील, जब्त की विदेशी शराब

जबलपुर (ए.)। जिला प्रशासन द्वारा गठित गरुड़ दल ने दीनदयाल चौक बस स्टैंड स्थित बड़कुल रेस्टोरेंट, बिट्टू दा ढाबा एवं मदिरा बार का आकस्मिक निरीक्षण किया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुंडेश्वर धाम प्रगति गनवीर के नेतृत्व में किये गए निरीक्षण में तहसीलदार वीर बहादुर सिंह धुर्वे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद धुर्वे, आबकारी निरीक्षक अंकित जैन के अलावा माढ़ोताल थाने का पुलिस बल शामिल था।निरीक्षण के दौरान जहां बड़कुल रेस्टोरेंट एवं बिट्टू के ढाबे में बिना ग्लब्स के किचन में खाना बनाने एवं साफ सफाई का अभाव होने के कारण 5-5 हजार का और कुल 10 हजार रुपये का अर्थदंड नगर निगम की टीम द्वारा वसूल किया गया वहीं रेस्टोरेंट के किचन से पनीर, पापड़ आदि के सैंपल लिए गए जन्हें परीक्षण के लिये लैब भेजा जा रहा है। इधर दूसरी ओर दल ने बिट्टू दा ढाबे के ऊपर संचालित मदिरा बार एवं पब में बिना लाइसेंस एवं सक्षम अनुमति के बिना संचालित बार को सील कर विदेशी एल्कोहल जब्त कर उसे आबकारी विभाग के सुपर्द किया गया।

# सफाई व्यवस्था देखने बस्ती-बस्ती घूमे निगमायुक्त

### - कहा-सफाई कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

जबलपुर (ए.)। जबलपुर नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण में शीर्ष स्थान पर पहुंचाने की कबायद के तहत नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने मंगलवार की सुबह 7 बजे से शहर के विभिन्न



क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भानतलैया, सिंधी कैंप, मदार टेकरी, मंडी, बहोराबाग और रद्दी चौकी जैसे इलाकों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल अमले को कड़े निर्देश दिए, बल्कि स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उन्हें स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का अनुरोध भी किया।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त का विशेष ध्यान सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति पर रहा। उन्होंने शौचालयों के भीतर सफाई, पानी की पर्याप्त उपलब्धता और अन्य सुविधाओं की बारीकी से जांच की। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर की रैंकिंग सुधारने में सार्वजनिक सुविधाओं का रखरखाव एक महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए इनमें किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।इसके अलावा निगमायुक्त ने सड़क किनारे मलबा फेंकने और कचरा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए स्वास्थ्य विभाग को तत्काल जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## व्यापार समाचार

## सर्राफा बाजार में चमकी चांदी, सोने के भाव में गिरावट का रुख




नई दिल्ली,(ए.)। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 920 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। दूसरी ओर, चांदी ने आज 16,200 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,57,920 रुपये से लेकर 1,58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,44,760 रुपये से लेकर 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। जबकि चांदी की कीमत में उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 3,01,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,58,070 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों ने कमाये 81 हजार करोड़ रुपये

नई दिल्ली, (ए.)। घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को संभाल लिया।दिन के पहले सत्र के कारोबार में ज्यादातर समय खरीदारी का जोर बना रहा, लेकिन दूसरे सत्र में दोपहर एक बजे के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो गई। इस मुनाफा वसूली की वजह से बाजार की बढ़त में कमी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान मीडिया और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। निफ्टी का मीडिया इंडेक्स दो प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफल रहा। इसी तरह आईटी, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और टेक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 80 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी



हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 474.15 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 473.34 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 81 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,407 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,598 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,647 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 162 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,926 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,826 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,100 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए।बीएसई का सेंसेक्स आज 144.25 अंक की मजबूती के साथ 84,210 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के थोड़ी देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 84,063.47 अंक के स्तर तक आ गया। पहले 10 मिनट तक दबाव का सामना करने के बाद बाजार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई।

लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर एक बजे से थोड़ी देर पहले सेंसेक्स 417.20 अंक की तेजी के साथ 84,482.95 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में एक बार फिर गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 200 अंक से अधिक फिसल कर 208.17 की बढ़त के साथ 84,273.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ।सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 55.35 अंक उछल कर 25,922.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये सूचकांक फिसल कर 25,870.45 अंक तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली।

## घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की वापसी, फरवरी में 2 अरब डॉलर की खरीदारी

नई दिल्ली,(ए.)। साल 2025 के दौरान लगातार बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहे विदेशी निवेशकों की भारतीय शेयर बाजार में एक बार फिर दिलचस्पी बढ़ती हुई नजर आने लगी है। फरवरी के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अभी तक दो अरब डॉलर से अधिक की खरीदारी की है। शेयर बाजार की चाल में आई तेजी की एक बड़ी वजह विदेशी निवेशकों की वापसी को भी माना जा रहा है।1 फरवरी 2026 से लेकर आज तक के कुल आठ कारोबारी दिनों में सिर्फ दो दिन ऐसे रहे हैं, जब विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली की है। दूसरी ओर, शेष छह दिन विदेशी निवेशकों ने जम कर खरीदारी की। विदेशी निवेशकों की ये खरीदारी ऐसे समय पर हो रही है, जब भारतीय बाजार बिकवाली के भारी दबाव से गुजर चुके हैं। पिछले दिनों हुई जोरदार बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार का वैल्यूएशन दूसरे एशियाई बाजार की तुलना में अधिक आकर्षक हो गया है।

## बड़े लेनदेन करना होगा आसान, नए इनकम टैक्स ड्राफ्ट नियमों में पैन नंबर देने को लेकर हुए अहम बदलाव




नई दिल्ली,(ए.)। सरकार की ओर से इनकम टैक्स नियमों का ड्राफ्ट जारी कर दिया गया है, इसमें नए इनकम टैक्स नियम 2026 में कई बड़े बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं। इन नए नियमों में बैंक में जमा और निकासी, वाहनों की खरीद, होटल बिल और प्रॉपर्टी खरीदने पर पैन नंबर देने से संबंधित नियमों में बदलाव किया गया है।नए ड्राफ्ट इनकम टैक्स नियमों के मुताबिक, एक साल में किसी व्यक्ति को एक या एक से अधिक खातों में 10 लाख रुपए तक की जमा एवं निकासी करने पर पैन नंबर नहीं देना होगा। मौजूदा समय में किसी भी बैंक में एक दिन में 50,000 रुपए या उससे अधिक की राशि जमा करने पर पैन देना आवश्यक है। ड्राफ्ट में वाहन खरीदने से जुड़े नियम में भी बदलाव हुआ है और 5 लाख रुपए से ऊपर का वाहन (दोपहिया वाहन को मिलाकर) खरीदने पर पैन नंबर देने को अनिवार्य करना प्रस्तावित किया गया है। मौजूदा समय में किसी भी मूल्य के दोपहिया वाहन के लिए पैन नंबर देना आवश्यक नहीं है, जबकि अन्य कोई भी वाहन खरीदने पर पैन नंबर देना आवश्यक है।नए इनकम टैक्स नियमों के ड्राफ्ट में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए भी बड़ा बदलाव हुआ है। इसमें होटल और रेस्तरां या फिर बैंकेट हॉल में एक लाख के भुगतान पर पैन नंबर जरूरी नहीं हैं। मौजूदा समय में 50,000 रुपए या उससे अधिक के भुगतान पर पैन नंबर देना आवश्यक है। इस ड्राफ्ट में प्रॉपर्टी से जुड़े नियमों में भी बदलाव किया गया है। प्रस्तावित नियमों में 20 लाख रुपए तक की प्रॉपर्टी खरीदने पर पैन नंबर नहीं देना होग।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 20 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.48 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में 11 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.77 पर पहुंच गया। भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति के बाद से मुद्रा बाजार में उत्साह की बजाय सतर्कता का माहौल बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.63 पर खुला। फिर और टूटकर 90.77 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को उतार-चढ़ाव भरा कारोबार करते हुए अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.66 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 97.79 पर रहा।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए नुकसान का पहलू

अमेरिका में टैरिफ 18 प्रतिशत होने से भारत के श्रम-केंद्रित उद्योगों को राहत मिलेगी। लेकिन अमेरिका की भू-राजनीतिक रणनीतियों से जुड़ी शर्तें डील में शामिल हुईं, तो आर्थिक के साथ-साथ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए भी वो हानिकारक बात होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने के बाद डॉनल्ड ट्रंप ने अपने चिर-परिचित अंदाज में भारत से ट्रेड डील होने का एलान किया। कहा कि इसके तहत अमेरिका भारत पर 'लिबरेशन डे टैरिफ' को 25 से घटा कर 18 प्रतिशत कर देगा। बदले में भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करेगा, अमेरिका से व्यापार में टैरिफ एवं गैर-टैरिफ रुकावटों को शून्य कर देगा, और 500 बिलियन डॉलर के ऊर्जा, तकनीक, कृषि, कोयला एवं अन्य उत्पाद खरीदेगा। 500 बिलियन डॉलर का अर्थ भारत के सालाना बजट का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा (तकरीबन 46 लाख करोड़ रुपये) है। बहरहाल, ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद जारी अपने बयान में प्रधानमंत्री ने सिर्फ यह उल्लेख किया कि भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में अब सिर्फ 18 प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा। इससे ट्रेड डील को लेकर फिर से अस्पष्टता बन गई। बहरहाल, यह साफ है कि इस डील को हासिल करने के लिए भारत ने आगे बढ़ कर कई बड़ी रियायतें दी हैं।

उनमें से कई तो करार के पहले ही दे दी गईं। इनमें अमेरिका के कृषि, वाहन, सौंदर्य प्रसाधन, इलेक्ट्रॉनिक्स, धातु एवं केमिकल्स उत्पादों पर भारत में आयात शुल्क में भारी कटौती शामिल है। साथ ही रक्षा सौदों का दायरा बढ़ाया गया। परमाणु उत्तरदायित्व कानून में अमेरिकी कंपनियों के अनुकूल बदलाव किया गया। ट्रंप प्रशासन के दबाव में भारत ने रूस से तेल की खरीदारी घटाई, ऐसी खबरें सुर्खियों में रही हैं। अब अगर ये पहलू ट्रेड डील का हिस्सा है, तो यह बेहद आपत्तिजनक बात होगी। इसलिए कि यह अपने संप्रभु निर्णय को किसी अन्य देश की भू-राजनीतिक जरूरतों के सामने समर्पित करने जैसा होगा। दरअसल, खरीदारियों के बारे में भी कोई व्यक्ति या देश अपनी जरूरत एवं बाजार के तर्कों से फैसला लेता है। किसी दबाव में आकर इस बारे में बंधना अपने हितों से समझौता होगा। अमेरिका में टैरिफ 18 प्रतिशत होने से वस्त्र, जेवरात आदि जैसे श्रम-केंद्रित उद्योगों को राहत अवश्य मिलेगी। लेकिन अमेरिका की भू-राजनीतिक रणनीतियों से जुड़ी शर्तें ट्रेड डील में शामिल हुईं, तो आर्थिक के साथ-साथ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए भी वो नुकसान का पहलू होगा।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में विधान भवन में राज्य विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने पहुंचे।

# लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**



विपक्ष के 128 लोकसभा सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने के लिए एक नोटिस लोकसभा महासचिव को सौंप दिया है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बताया कि उन्होंने नियम 94सी के तहत लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को "बोलने की इजाजत नहीं देने", साथ ही कांग्रेस की महिला सांसदों पर सदन में अनुचित स्थिति पैदा करने के आरोपों पर विपक्ष अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए यह प्रस्ताव लाया है।लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सांसद मोहम्मद जावेद तथा अन्य कई सांसद नोटिस सौंपने वालो में शामिल है। लोकसभा की प्रक्रिया और आचरण के मानदंडों के नियम 198 के अनुसार, विपक्ष को लोकसभा में मतदान से पहले अविश्वास प्रस्ताव के अपने अनुरोध के लिए औचित्य प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव की पूरी प्रक्रिया लोकसभा की प्रक्रिया व कार्य संचालन प्रणाली के नियम 198 (1) से नियम 198 (5) तक के तहत पूरी की जाती है। इस प्रक्रिया के तहत नियम 198 (1) (क) के तहत अविश्वास प्रस्ताव पेश करने वाले सांसद को पहले स्पीकर के जरिये सदन की अनुमति लेनी पड़ती है। सदन की अनुमति के लिए नियम 198 (1) (ख) के मुताबिक, प्रस्ताव की जानकारी सुबह 10 बजे से पहले लोकसभा के महासचिव को देनी पड़ती है। नियम 198 (2) के तहत प्रस्ताव के साथ सांसद को 50 सांसदों के समर्थन वाले हस्ताक्षर दिखाने होते हैं। नियम 198 (3) के तहत लोकसभा अध्यक्ष से प्रस्ताव को अनुमति मिलने के बाद उस पर चर्चा का दिन तय होता है। चर्चा प्रस्ताव पेश होने के 10 दिन के अंदर करानी होती है।नियम 198 (4) के तहत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के अंतिम दिन लोकसभाध्यक्ष वोटिंग कराते हैं और उस आधार पर फैसला होता है।नियम 198(5) के तहत लोकसभा अध्यक्ष को टिप्पणी के लिए समय सीमा निर्धारित करने का अधिकार है। यदि प्रस्ताव सदन द्वारा अनुमोदित हो जाता है तो सरकार को इस्तीफा देना पड़ता है ।अब तक लोक सभा में 27 बार अविश्वास प्रस्ताव रखे जा चुके हैं।लोक सभा में सबसे पहला अविश्वास प्रस्ताव अगस्त 1963 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ जे बी कृपलानी ने पेश किया था। लेकिन विपक्ष सरकार गिराने में नाकाम हो गया था, क्योंकि इस प्रस्ताव के पक्ष में केवल 62 वोट पड़े और विरोध में 347 वोट पड़े थे।लेकिन सन 1978 में लाये गए अविश्वास प्रस्ताव ने मोरारजी देसाई सरकार को गिरा दिया था।अब तक सबसे ज्यादा 4 बार अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का रिकॉर्ड माकपा सांसद ज्योतिर्मय बसु के नाम है। उन्होंने अपने चारों प्रस्ताव इंदिरा गांधी सरकार के खिलाफ रखे थे।सबसे ज्यादा अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने वाली भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार रही है। इंदिरा गांधी सरकार के खिलाफ 15 अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गये थे।इसके अलावा पी वी नरसिम्हा राव और लाल बहादुर शास्त्री की सरकारों ने तीन-तीन बार अविश्वास प्रस्ताव का सामना किया था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार इंदिरा गाँधी सरकार और दूसरी बार पी वी नरसिम्हा राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था । संयोग की बात है कि अटल सरकार के खिलाफ भी दो बार सन1996 व सन1998 अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था और वे दोनों बार हार गये थे।सन

2018 में नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था,लेकिन यह प्रस्ताव गिर गया था। लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला पर आरोप हैं कि वो विपक्ष के साथ भेदभाव करते हैं और सांसदों को बोलने का मौका कम देते हैं।हालांकि ये पहली बार नहीं है, जब किसी लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा हो। संसद के इतिहास में कई बार ऐसा हो चुका है।अविश्वास प्रस्ताव भारतीय संसदीय परंपरा का ही एक हिस्सा है। जब भी विपक्ष को सरकार या फिर लोकसभाध्यक्ष पर भरोसा नहीं होता है तो उन्हें हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है। लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के तहत लाया जाता है, इसे मोशन ऑफ रिमूवल कहा जाता है।इसके तहत लोकसभा के अध्यक्ष को हटाया जा सकता है। वोटिंग में बहुमत मिलने पर अध्यक्ष को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। भारतीय संसद के इतिहास में पहली बार सन1954 में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। लोकसभा के पहले अध्यक्ष मावलंकर के खिलाफ ये प्रस्ताव लाया गया था। सोशलिस्ट पार्टी के नेता विग्नेश्वर मिसिर ये प्रस्ताव लाए थे।इस प्रस्ताव पर करीब दो घंटे तक चर्चा हुई थी, हालांकि बाद में उसे खारिज कर दिया गया। इस प्रस्ताव को जवाहर लाल नेहरू ने सदन की गरिमा का सवाल बताया था।

सन1954 के बाद लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ दूसरा प्रस्ताव सन 1966 में लाया गया।लोकसभा अध्यक्ष सरदार हुकम सिंह के खिलाफ ये प्रस्ताव था।वहीं तीसरी बार सन1987 में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, ये प्रस्ताव तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के खिलाफ लाया गया था।पिछले तमाम प्रस्तावों की तरह ये अविश्वास प्रस्ताव भी खारिज हो गया था।अब देखना यह है कि यह अविश्वास प्रस्ताव कितना चल पाता है।इससे लोकसभाध्यक्ष की कुर्सी जाती है या फिर यह प्रस्ताव धड़ाम गिरता है।फिलहाल तो संख्या बल देखते हुए ऐसा नही लगता कि ओम बिरला की कुर्सी जाएगी,बाकी आने वाला वक्त बताएगा।

# जाति संगठन और सामाजिक परिवर्तन का द्वंद्व

**डॉ. योगेन्द्र**

गौतम बुद्ध ने कहा-' बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय।' उन्होंने ' सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' नहीं कहा। बुद्ध महाकरूणा के सागर थे, तब भी उन्होंने बहुजन के सुख की कामना की, सर्वजन की नहीं। सवाल है कि क्या बुद्ध के मन में संदेह था कि इस दुनिया के तमाम लोगों को सुखी नहीं किया जा सकता सवाल यह भी है कि बहुजन के अलावे जो बच जाते हैं, वे अनिवार्य रूप से शोषक ही थे या इतने बिगड़े हुए थे कि उनमें बदलाव की संभावना ना के बराबर थी? उपनिषद में लिखा है -' वसुधैव कुटुंबकम्।' वसुधा पर रहने वाले तमाम लोग कुटुंब हैं। उपनिषद में यह घोषणा इसलिए करनी पड़ी, क्योंकि उपनिषद - काल में भी वसुधा पर रहने वाले तमाम लोग कुटुंब नहीं थे। इतने वर्षों बाद भी दुनिया की बात तो छोड़िए, क्या भारतवर्ष में ही सभी कुटुंब हो सके? उपनिषद सर्वजन की बात करता है, लेकिन उपनिषद जिस समाज में विकसित हुआ, वह खंडों में बंटा है। खंडों में जी रहा मनुष्य अपने अपने खंड में चिपका हुआ है और उसे ही दुनिया मान बैठा है। आज देश में न बहुजन खुश है, न सर्वजन। मनुष्य की चालाकी या धूर्तता कहिए कि जिसने भी आधुनिक युग में बहुजन की एकता या उसकी खुशी चाही, उसे भी खंडों में बांट दिया। आजादी के 78 वर्षों बाद जाति संगठन का उफान है। यों आजादी की लड़ाई के समय भी जाति संगठन थे, लेकिन उन संगठनों में जाति कल्याण की थोड़ी भावना थी। कोई शिक्षा संस्थान खोल रहा था तो कोई जाति के अंदर सामाजिक सुधार कर रहा था। तीन जातियों का गठजोड़ त्रिवेणी संघ भी बना।

# अब कमंडल ही मंडल हो गया

हरिशंकर व्यास

यह सवाल इसलिए है क्योंकि भाजपा सरकार ने विश्व विद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी से ऐसा नया नियम जारी कराया, जिससे देश के करीब ढाई हजार उच्च शिक्षा संस्थानों की तस्वीर बदल जाती। यह कहना अतिरंजित लग सकता है लेकिन इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर यूजीसी के नियम उसी रूप में लागू होते, जिस रूप में उनको जारी किया गया था तो देश के उच्च शिक्षण संस्थान नब्बे के दशक का बिहार और उत्तर प्रदेश बन सकते थे। लालू यादव की पार्टी की एक प्रवक्ता ने इसका इशारा भी किया था। जब इन नियमों के हवाले उससे पूछा गया कि इसके जरिए तो अगड़ी जाति के छात्रों और शिक्षकों को फंसाया जा सकता है तो उसने दो टूक अंदाज में कहा कि इनको फंसाया जाना चाहिए क्योंकि ये 90 फीसदी बहुजन के अधिकार को स्वीकार नहीं करते हैं। फिर उसने हजारों साल के दमन, अत्याचार वगैरह की बातें भी कहीं। सुप्रीम कोर्ट ने जब यूजीसी के नियमों पर रोक लगाई तो सुनवाई के दौरान लालू यादव की पार्टी की प्रवक्ता के उस बयान का भी जिक्र एक वकील ने किया था।

पहले कानून के हिसाब से देखें तो भारत में माना जाता है कि हर अच्छे कानून का दुरुपयोग हो सकता है। लोग उसमें लूप होल्स निकाल ही लेते हैं। लेकिन जब कानून ही खराब हो तो क्या होगा? तब तो उस कानून के दुरुपयोग की जरुरत नहीं है। फिर तो उसके सदुपयोग से भी लोगों को फंसाया जा सकता है या किसी को बचाया जा सकता है। यूजीसी ने जो नए नियम जारी किए थे वो नियम इस दूसरी श्रेणी में आते हैं। वे इतने खराब हैं कि उनके दुरुपयोग की जरुरत नहीं है। उनके सदुपयोग से भी देश के एक छोटे से जातीय समूह के छात्रों और शिक्षकों को फंसाया जा सकता है और उनके करियर पर ग्रहण लगाया जा सकता है।

ध्यान रहे शिक्षण संस्थानों में किसी तरह का भेदभाव रोकने के नियम पहले से बने थे। यूपीए सरकार के समय यूजीसी ने 2012 में नियम बनाए थे, जिनमें सभी छात्रों के साथ भेदभाव रोकने के प्रावधान किए गए थे। लेकिन 2026 में नरेंद्र मोदी की सरकार के समय जो नियम जारी किए गए उसमें कई चीजें बदल दी गईं। पहले नियम में सिर्फ भेदभाव की बात कही गई थी, जबकि नए नियमों में जाति आधारित भेदभाव की बात जोड़ दी गई और सामान्य वर्ग को छोड़ कर बाकी सबको भेदभाव के संभावित शिकार के तौर पर परिभाषित किया गया। इसी तरह पुराने नियम में गलत शिकायत करने वाले के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान था, जिसे नए नियमों में हटा दिया गया।

इस तरह गलत शिकायत करके किसी को फंसाने का लाइसेंस दिया गया। पुराने नियम में शिकायत सुनने वाली कमेटी में सभी वर्गों के सदस्य रखने का प्रावधान था, जबकि नए नियम में एससी, एसटी, ओबीसी सदस्य रखने को अनिवार्य किया गया और सामान्य वर्ग का सदस्य रखने की अनिवार्यता नहीं रखी गई। नए नियम में भी रैगिंग को शामिल नहीं किया गया, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि अगर रैगिंग का शिकार सामान्य वर्ग का कोई लड़का शिकायत करे तो क्या उसके ऊपर भी भेदभाव की कार्रवाई हो सकती है।

सवाल है कि क्या यूजीसी ने बिना सोचे समझे ये नियम जारी कर दिए या कोई ऐसा बैठा है, जिसके मन में सामान्य वर्ग के प्रति पूर्वाग्रह है और उसने सबक सिखाने के लिए इस तरह के नियम बनाए या सोच समझ कर राजनीतिक योजना के तौर पर ये नियम बनाए गए ताकि राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं के हाथ से बहुजन राजनीति का कार्ड छीना जा सके? ध्यान रहे लोकसभा चुनाव 2024 के बाद से नरेंद्र मोदी और उनकी टीम बहुत सावधान हो गई है। उससे पहले भाजपा अपने को अजेय मान रही थी और लग रहा था कि कांग्रेस या उसके नेतृत्व में एकजुट विपक्ष भी कभी उसको नहीं हरा पाएगा। लेकिन संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ, आरक्षण बढ़ाओ, जाति गणना कराओ आदि के नारे पर विपक्ष ने भाजपा की हवा निकाल दिया।




मेष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस समय लोग बेहतरीन विचारों को सुननेङ्कजानने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। आज आप लोगों से जो भी बात मनवानी है, आसानी से मनवा सकते हैं। अपने अधिकार जताने की प्रवृत्ति को नियंत्रण में रखें, यह आपके काम पर असर डाल सकती है। इस राशि के लोगों को आज किसी करीबी से कोई खुशखबरी मिल सकती है।

वृष राशि : आज का दिन आपका खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के आधार पर फैसले लेंगे। लेकिन वे सिर्फ पैसों के मामले में लाभकारी साबित होंगे। आज सामने आयी सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता भी हाथ लगेगी।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर मिल सकती है। आपको किसी कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है। इस राशि के उभरते हुए लेखकों के लिए आज का दिन एक बेहतरीन हो सकता है क्योंकि आपके लेख या आपकी पुस्तक किसी बड़े पब्लिशर के द्वारा प्रकाशित हो सकती है।

कर्क राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप शाम का समय परिवारवालों के साथ बिताएंगे। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने की उम्मीद है। लेकिन कोई डील करते समय बोलने से पहले सोच लें, कहीं ऐसा ना हो कि डील होने से पहले केंसिल हो जांए। इस राशि के आर्किटेक वालों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती हैं।

सिंह राशि : आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाइयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा। आज किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं जहां आप निजी समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें और साथ ही आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें।

तुला राशि-:आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज आप किसी काम को करते समय अपने मन को शांत रखें, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। अगर आप जल्दी मचाएंगे तो सब गड़बड़ हो जाएगा। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं आज उनके लिए रिश्ते आ सकते हैं। परिवार वाले आपके विवाह की प्लानिंग करेंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया है। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से कोशिश कर रहे हैं, आज पूरे होने वाली हैं। जिन कोशिशों को आप अपनी ओर से व्यर्थ मान चुके थे, वे आज सफल होंगी। इसीलिए आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ मनाएं, हो सकता है कि उनके पास भी आपको सुनाने के लिए अच्छी खबर हो।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपके मन में नए विचार आयेंगे, हो सकता है किसी नए बिजनेस की शुरुआत करें, जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा। आज परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभाएंगे। इस राशि के कॉन्ट्रेक्टर के लिए आज का दिन अच्छा होगा, हो सकता है कि आपको आज नया कॉन्ट्रेक्ट मिलेगा। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज का दिन यात्रा में बीतेगा। ये यात्रा में ऑफिस के काम से संबंधित हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की जरूरत है।

मीन राशि :आज आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी अच्छे तरीके से काम करेंगे। आप अपने माता-पिता या बहन भाइयों के साथ भी समय बिता सकते हैं। ऑफिस में नया काम करने का मौका मिल सकता है। आज दोस्तों के साथ मजे करने और थोड़े मनोरंजन के लिए भी अच्छा समय है।

# त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी केन्द्रीय बजट

डॉ. महेन्द्र सिंह

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए संसद में पेश किया गया गया बजट देश के त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी बजट है। इस बजट में समाहित प्रस्तावों में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने और उसे निरन्तर बनाये रखने पर जोर दिया गया है। साथ ही, लोककल्याण के लिए बजट प्रस्तावों पर भी पर्याप्त बल दिया गया है। वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में तीन कर्तव्यों को उजागर किया। ये हैं : अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों के प्रति लचीलेपन में वृद्धि करते हुए आर्थिक विकास को गति प्रदान करना और उसे बनाये रखना; जन आकाँक्षाओं की पूर्ति और उनकी क्षमताओं का वर्द्धन करना एवं देश के प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और वर्ग तक संसाधनों, सुविधाओं तथा अवसरों की पहुंच को सुनिश्चित करना। इस तरह ये कर्तव्य मोदी सरकार की सर्वसमावेशी एवं पोषणीय विकास की रणनीति को सुस्पष्ट रूप में परिभाषित करते हैं। ध्यातव्य है कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के केन्द्र में एक ओर आर्थिक संवृद्धि की गति को तेज करना रहा है वहीं दूसरी तरफ सापेक्षतया वंचित लोगों एवं क्षेत्रों को उनकी क्षमता व सामर्थ्य को बढ़ाते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करना रहा है। इस दृष्टि से यह कहना समीचीन है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास का ध्येय वाक्य लोकनीतियों के प्रतिपादन एवं कार्यान्वयन का नाभिकेन्द्र रहा है। इसमें आर्थिक समृद्धि एवं लोककल्याण में वृद्धि स्वत: विहित रहे हैं।

मोदी सरकार द्वारा संरचनात्मक आर्थिक सुधारों का मूल विचार रिफार्म, परफार्म व ट्रॉन्सफार्म रहा है। इस बजट में भी, बजट प्रावधानों को अधिक परिणामोन्मुखी बनाने के लिए सुधारों के क्रम को जारी रखा गया है। विकसित भारत के महालक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस बजट में कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, एमएसएमई, ओडीओपी, रिन्यूबल व न्यूक्लियर एनर्जी, सेमिकंडक्टर, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स, जलमार्ग व रेल विकास, डिकार्बनाइजेशन, निर्यात संवर्द्धन, रक्षा क्षेत्र इत्यादि संभावनापूर्ण क्षेत्रों एवं तत्सम्बन्धी क्रियाओं के संवर्द्धन व विकास के लिए वित्तमंत्री द्वारा प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित आवंटन किए गये हैं। साथ ही, मानव पूँजी के निर्माण से सम्बन्धित क्षेत्रों यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला, युवा और दिव्यांग सशक्तिकरण पर पर्याप्त बल दिया गया है। वस्तुत:, मानव पूँजी के बेहतर विकास से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा जनकल्याण में वृद्धि होगी।

वित्तमंत्री ने इस बजट में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को जारी रखते हुए इस पर विशेष बल दिया है। हाल के वर्षों में जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा में निरन्तर गिरावट से इस बात की पुष्टि होती है कि मोदी सरकार का राजकोषीय प्रबन्धन सम्बन्धी निष्पादन श्लाधनीय रहा है। वर्ष 2021-22 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.7 प्रतिशत; 2022-24 में 6.5 प्रतिशत 2023-24 में 5.5 प्रतिशत; 2024-25 में 4.8 प्रतिशत एवं 2025-26 में 4.4 प्रतिशत था। इसे 2026-27 के बजट में कम करके 4.3 प्रतिशत पर रख गया है। ये प्रवृत्तियाँ राजकोषीय व्यवस्था की मजबूती की परिचायक हैं।

मोदी सरकार की राजकोषीय प्रवीणता एवं बेहतर वित्तीय प्रबंधन का ही परिणाम है कि जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा निरन्तर घटा है। साथ ही, वित्तमंत्री इस बात में भी सफल रही हैं कि उन्होंने इस बजट में जीडीपी के सापेक्ष केन्द्र सरकार के ॠग को 55.6 प्रतिशत पर रखा है। यह वर्ष 2025-26 के लिए 56.1 प्रतिशत रखा गया था। साथ ही, इस बजट में जीडीपी के सापेक्ष राजस्व घाटा एवं प्राथमिक घाटा में भी कमी आई है। घटते घाटे एवं ॠग से निजी पूँजी निवेश में वृद्धि होगी।

इस बजट में, राजस्व में सतत वृद्धि; पूँजीगत व्यय में वृद्धि और राजकोषीय पारदर्शिता में सुधार के संकेतकों से भी देश की राजकोषीय सुदृढ़ता की पुष्टि होती है। पूँजीगत खर्च के जरिये अवस्थापना क्षेत्र के विकास ने विकास को तेज करने और रोजगार को बढ़ाने में उल्लेखनीय तौर पर योगदान दिया है। इंफ्रास्ट्रक्चर आर्थिक विकास में धमनियों का कार्य करता है। इसलिए यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर मोदी सरकार द्वारा किया गया निवेश लगातार विकास का इंजन बना हुआ है। एक ओर जहाँ केन्द्र सरकार स्वयं पूंजीगत व्यय को बढ़ा रही है; वहीं दूसरी ओर राज्य सरकारों को भी अनुदान व ॠग देकर उनके पूँजीगत खर्च को बढ़ाने में मदद कर रही है। वर्ष 2025-26 की तुलना में 2026-27 के बजट में पूँजीगत आवंटन में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यदि राज्यों को दी जाने वाली अनुदान राशि को भी जोड़ लिया जाय तब प्रभावी पूँजीगत व्यय की वृद्धि 22 प्रतिशत बैठती है। इस तरह मोदी सरकार की यह विचारणा सुस्पष्ट होती है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूती आर्थिक उन्नति का मूलाधार है। इस बजट में कुछ विशिष्ट क्षेत्रों क्षेत्रों में पूँजीगत व्यय की वृद्धि दरें इस तरह हैं: टेलीकॉम 97 प्रतिशत; रक्षा 18 प्रतिशत; रेलवे 10 प्रतिशत; सड़क व हाईवे 8 प्रतिशत एवं आवास व नगरीय विकास 6 प्रतिशत। यह तथ्य यह भी दर्शाते हैं कि बेहतर राजकोषीय प्रबन्धन से अब विकासगामी क्रियाओं के लिए अधिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं।

जीडीपी के सापेक्ष सरकारी ॠग भार को घटाकर 2030-31 तक 50 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। स्पष्ट है कि इससे आगामी वर्षों में अवस्थापना के विकास के लिए और अधिक फिस्कल स्पेस मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि पूँजीगत व्यय में मोदी सरकार द्वारा की गई वृद्धि से आय में तो कई गुना वृद्धि होती ही है, इससे रोजगार में भी उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि होती है। इस बजट में छोटे, मझोले एवं धार्मिक नगरों के विकास के लिए भी प्रावधान किए गये हैं। नगरीय क्षेत्रों में जन सुविधाओं के बेहतर विकास से जनजीवन सुगम व स्वस्थ होगा। साथ ही, इसके विकास से कारोबार सुगम होगा, इसमें वृद्धि होगी।

# सीएम रेखा गुप्ता ने 6 नए एयर मॉनिटरिंग स्टेशन और 100 'वायु रक्षक' पहल शुरू की



नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में एक और निर्णायक कदम उठाते हुए सोमवार को 6 नए सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन और 100 'वायु रक्षक' पहल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री का कहना है कि प्रदूषण के विरुद्ध लड़ाई केवल सर्दियों की नहीं, बल्कि पूरे साल चलने वाला अभियान है और दिल्ली सरकार इसके लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा व पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने निगरानी स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन किया और 'वायु रक्षक' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि दिल्ली में पिछली सरकार की घोर लापरवाही के चलते वायु प्रदूषण लगातार गंभीर बन गया, जिसे नियंत्रित करने के लिए उनकी सरकार लगातार गंभीर व प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण पर काम करना सिर्फ तीन-चार महीनों की जिम्मेदारी नहीं है। यह 365 दिन का विषय है। दिल्ली सरकार अपने संकल्प को आज फिर दोहरा रही है कि राजधानी को साफ, स्वच्छ और सांस लेने योग्य हवा देना हमारा कर्तव्य है।

**डेटा पारदर्शिता और नीति निर्माण पर ज़ोर**

मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष बल दिया कि एयर क्वालिटी डेटा पूरी तरह पारदर्शी होता है जिसे किसी भी स्तर पर बदला नहीं जा सकता। उन्होंने जानकारी दी कि पीएम 10 और पीएम 2.5 का डेटा हर घंटे और अन्य पैरामीटर्स का डेटा हर 5 मिनट में ऑनलाइन अपडेट होता है। यह डेटा सार्वजनिक है, छुपाया नहीं जा सकता। हमारी सरकार पारदर्शिता के साथ पालिसी बनाने में विश्वास करती है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की नीति पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पहले सोच यह थी कि थोड़े दिन शोर मचाओ और फिर भूल जाओ। स्मॉग टॉवर जैसे दिखावटी उपाय किए गए, जिनका कोई स्थायी प्रभाव नहीं पड़ा। हमारी सरकार समस्या की जड़ तक जाकर समाधान कर रही है।मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (डीटीसी) आज देश में लगभग 4000 ईवी बसों का सबसे बड़ा बेड़ा रखती है और 2028 तक 14,000 क्लीन फ्यूल बसों को दिल्ली में लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही कूड़े के पहाड़ को खत्म करने, वेस्ट टू एनर्जी, मिस्ट स्प्रे, लिटर पिकर, मैकेनिकल रोड स्वीपर, एंटी स्मोग और ग्रीन कवर का विस्तार जैसे कदम लगातार उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई लंबी है, रोज़ काम करना होगा और हम करके रहेंगे। दिल्ली को बेहतर हवा भी देंगे और हरी-भरी दिल्ली भी बनाएंगे।

## एनसीआर में बदलते मौसम और प्रदूषण का दोहरा असर, अस्पतालों में बढ़े मौसमी बीमारियों के मरीज



नोएडा (आरएनएस)। एनसीआर (दिल्ली-नोएडा-गाजियाबाद) में मौसम के लगातार बदलते मिजाज और वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर ने लोगों की सेहत पर गंभीर असर डालना शुरू कर दिया है। जिला अस्पतालों की ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों में करीब 50 प्रतिशत मरीज मौसमी बीमारियों से पीड़ित पाए जा रहे हैं। खासतौर पर उल्टी, दस्त, बुखार, गले में खराश, सांस लेने में दिक्कत और एलर्जी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार 10 से 12 फरवरी तक एनसीआर में मौसम में हल्की धुंध बनी रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 23 से 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। सुबह और शाम हल्की ठंड जबकि दिन में तेज धूप का असर लोगों को बीमार कर रहा है। वहीं, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है। दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई लाल श्रेणी में दर्ज किया गया। आनंद विहार - 317, अशोक विहार - 328, बवाना - 333, नरेला - 344, नेहरू नगर - 316, मंडका - 357 जैसे इलाकों में प्रदूषण बेहद गंभीर स्तर पर पहुंच चुका है। दिल्ली के चांदनी चौक - 291, डीटीयू- 283, पंजाबी बाग- 275, ओखला फेज-2 -283 और पतपड़गंज - 269 में भी हवा की गुणवत्ता खराब बनी हुई है।

## रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग केस- मैकेनिक की आड़ में बिश्नोई गैंग के लिए हथियार सप्लाई करता था आरोपी आसाराम

मुंबई , (आरएनएस)। फिल्म निर्माता- निर्देशक रोहित शेट्टी के जुहू स्थित घर पर हुई फायरिंग के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच नए-नए खुलासे कर रही है। अब पुलिस के हाथ नई जानकारी लगी है। पता चला है कि हथियार सप्लाई करने वाला गिरफ्तार आरोपी आसाराम फासले पिछले चार सालों से बिश्नोई गैंग के लिए काम कर रहा था। आसाराम गैरेज मैकेनिक की आड़ में यह सब कर रहा था। फासले पुणे के मालवली इलाके का रहने वाला है और पिछले दस साल से वारजे क्षेत्र के एक गैरेज में मैकेनिक के तौर पर काम करता आ रहा था। जांच में सामने आया कि वह शुभम लोनकर से बहुत प्रभावित था। लोनकर बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड है और लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी सदस्य है। फासले ने चार साल पहले लोनकर के प्रभाव और इलाके में उसके दबदबे को देखकर बिश्नोई गैंग जॉइन कर लिया था।

**मनी लॉन्ड्रिंग मामला**


## ED अब अनिल अंबानी की पत्नी टीना से करेगी पूछताछ, भेजा जाएगा नया समन

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ED) जल्द ही रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी को मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए नया समन जारी करेगा। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी।फिल्म अभिनेत्री रह चुकीं टीना को एजेंसी ने सोमवार को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वह पेश नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी उन्हें फिर से बुलाएगी। माना जा रहा है कि उन्हें न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक लग्जरी कॉन्डोमिनियम खरीदने से जुड़े मनी ट्रेल के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। ईडी ने हाल ही में इस मामले में RCOM (रिलायंस कम्युनिकेशन) के पूर्व प्रेसिडेंट पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप ( ADAG) के खिलाफ कथित बैंक फ्रॉड और उससे जुड़ी वित्तीय गड़बड़ियों के कई मामलों की जांच के लिए एक एसआईटी बनाई है।

## अब माओवाद नहीं, विकास और आत्मविश्वास की पहचान है बस्तर : पीएम मोदी



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र की पहचान अब धीरे-धीरे एक नए रूप में उभर रही है। जिस बस्तर को लंबे समय तक माओवाद, हिंसा और पिछड़ेपन से जोड़कर देखा जाता था, वही बस्तर अब अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और आत्मविश्वास के लिए देशभर में चर्चा का विषय बन रहा है। इसी बदलाव की एक बड़ी मिसाल है बस्तर पंडुम, जिसका आयोजन 7 से 9 फरवरी के बीच बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 7 से 9 फरवरी के बीच छत्तीसगढ़ में बस्तर पंडुम का विशेष आयोजन किया गया। इस उत्सव के दौरान बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जनजातीय विरासत का भव्य रूप दिखा। इस प्रयास से जुड़े अपने सभी परिवारजनों को मेरी हार्दिक बधाई। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे कहा, पहले जब बस्तर का नाम लिया जाता था तो माओवाद, हिंसा और विकास में पिछड़ेपन की छवि उभरती थी। लेकिन अब हालात बिल्कुल बदल चुके हैं। आज बस्तर विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए जाना जाता है। मेरी यही कामना है कि यहां का आने वाला समय शांति, प्रगति और सांस्कृतिक गौरव की भावना से परिपूर्ण हो।



**लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नई दिल्ली के इंदिरा भवन में डीसीसी अध्यक्षों के ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान।**

## भाजपा नेता व पूर्व मंत्री मदन चौहान पर जानलेवा हमला, किस्मत की मेहरबानी से बाल-बाल बची जान

हापुड़ ,(आरएनएस)। जनपद हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मदन चौहान पर फॉर्च्यूनर सवार बदमाशों ने जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव हिरणपुरा के पास की बताई जा रही है। गनीमत यह रही कि बदमाशों द्वारा पिस्टल का ट्रिगर दबाने के बावजूद गोली नहीं चली और एक बड़ा हादसा टल गया।

पुलिस के अनुसार, पूर्व मंत्री मदन चौहान गांव हिरणपुरा में एक सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचे, तभी सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार में सवार तीन से चार युवकों ने उनकी गाड़ी को अचानक रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने मदन चौहान के साथ अभद्रता की और उन पर पिस्टल तान दी। पूर्व मंत्री ने बताया कि बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाकर फायरिंग करने की कोशिश की, लेकिन ट्रिगर दबने के बाद भी गोली नहीं चल सकी। इस दौरान साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी मौके से फॉर्च्यूनर कार में सवार होकर फरार हो गए।



**थाने में दी तहरीर, सुरक्षा को लेकर जताई चिंता**

घटना के बाद पूर्व मंत्री मदन चौहान ने थाना गढ़मुक्तेश्वर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। उल्लेखनीय है कि मदन चौहान पर पूर्व में भी खनन माफियाओं द्वारा हमला किया जा चुका है। वह तीन बार विधायक रह चुके हैं और सपा सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वर्तमान में वह भाजपा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच तेज**

अपर पुलिस अधीक्षक हापुड़ विनीत भटनागर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गांव हिरणपुरा में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री के साथ अभद्रता और हमले के प्रयास की सूचना मिली थी। उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मदन चौहान से मुलाकात कर उनका बयान दर्ज किया। एएसपी ने बताया कि पूर्व मंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

उनकी तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## तेजप्रताप यादव की कथित लव लाइफ और बच्चे की खबरों पर मचा बवाल, कानूनी पचड़े में फंसे!



पटना,(ए)। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर विवादों के केंद्र में हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कथित प्रेमिका अनुष्का यादव और एक नवजात बच्चे की खबरों ने बिहार की राजनीति और सोशल मीडिया पर हंगामा खड़ा कर दिया है। इंटरनेट पर दावा किया जा रहा है कि तेजप्रताप की कथित प्रेमिका रहीं अनुष्का यादव ने एक बच्चे को जन्म दिया है। इन खबरों के फैलते ही तेजप्रताप यादव ने तुरंत प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और इन सभी दावों को कोरी अफवाह बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनका अनुष्का यादव से किसी भी प्रकार का कोई रिश्ता नहीं है और यह उनके खिलाफ एक सोची-समझी साजिश है।

यह विवाद इसलिए भी गंभीर हो गया है क्योंकि तेजप्रताप यादव कानूनन अभी भी शादीशुदा हैं। साल 2018 में उनकी शादी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा राय की पोती ऐश्वर्या राय के साथ हुई थी। हालांकि, शादी के कुछ महीनों बाद ही दोनों के बीच अनबन शुरू हो गई और तेजप्रताप ने तलाक की अर्जी कोर्ट में दाखिल कर दी थी। साल 2026 तक यह तलाक का मामला अभी भी अदालत में लंबित है और कानूनी रूप से फैसला आना बाकी है। ऐसी स्थिति में, बिना तलाक लिए दूसरी शादी करना या किसी अन्य के साथ ऐसे संबंध रखना जिससे बच्चा हो, उन्हें कानूनी रूप से बेहद मुश्किल स्थिति में डाल सकता है।

## बैंड बाजे वाले बयान पर बुरे फंसे प्रताप बाजवा, पंजाब राज्य अनुसूचित जाति कमीशन ने किया तलब

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति कमीशन द्वारा बैंड बाजे वाली टिप्पणी करने के मामले में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को तलब कर लिया गया है। आयोग ने नोटिस भेजकर 11 फरवरी बाद दोपहर 3 बजे बाजवा को पेश होने के लिए कहा है। इस दौरान आयोग ने एसएसएपी अमृतसर से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है। याद रहे कि लीडर ऑफ अपोज़िशन प्रताप सिंह बाजवा ने एक पॉलिटिकल रैली में कैबिनेट मिनिस्टर हरभजन सिंह ETO का ज़िक्र करते हुए एक कमेंट किया था, जिसे AAP ने दलित कम्युनिटी पर हमला बताया था।

उधर, आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों,विधायकों, चेयरमैन व कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा और कांग्रेस प्रधान राजा वड़िंग द्वारा मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में बाजवा के आवास के बाहर 'बैंड-बाजे' के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ, उनकी पत्नी सुरेंदर कौर के साथ वित्त मंत्री हरपाल चीमा, सेहत मंत्री डॉ बलबीर, मोहिंदर भगत, डॉ रवजोत, विधायक शैरी कलसी, कुलजीत रंधावा, इंद्रवीर सिंह निज्जर, नीना मित्तल, लाभ सिंह उगोके, चेतन जोड़ेमाजरा, इंदरजीत कौर,चेयरमैन हरचंद सिंह बरसट,सनी सिंह अहलूवालिया समेत सैकड़ों नेता व वर्कर मौजूद थे। इसके इलावा आप नेता जोबन रंधावा के नेतृत्व में कादियां (गुरदासपुर) में भी प्रताप बाजवा के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

बाजवा को निशाना साधते हुए कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि मेहनत की कमाई का मजाक उड़ाना शर्मनाक है। किसी के पिता द्वारा ईमानदारी से किए गए काम का मजाक उड़ाना और पूरी कम्युनिटी को नीचा दिखाना, इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मेरे पिता एक 'बैंड मास्टर' थे, उन्होंने कड़ी मेहनत से हमें पढ़ाया। मैं सरकारी स्कूल में पढ़कर और अपनी काबिलियत के दम पर यहाँ पहुँचा हूँ।

## जम्मू-कश्मीर : राज्य सरकार ने मनरेगा सहायक कर्मचारी को रेगुलर करने से इनकार किया

जम्मू ,(आरएनएस)। जम्मू और कश्मीर सरकार ने विधानसभा को बताया कि केंद्र शासित प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के सहायक कर्मचारी को रेगुलर करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में मनरेगा के तहत अभी लगभग 3,800 कर्मचारी पूरी तरह से कॉन्ट्रैक्ट और अस्थायी आधार पर काम कर रहे हैं। यह जानकारी ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के प्रभारी मंत्री ने विधायक मीर मोहम्मद फैयाज द्वारा पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में दी।

सरकार के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में लगभग 3,800 मनरेगा सपोर्ट स्टाफ काम कर रहे हैं, और उनकी शुरुआती कॉन्ट्रैक्ट नियुक्तियों के बाद से उनके मानदेय में समय-समय पर बदलाव किया गया है।

कर्मचारियों की भूमिका के बारे में बताते हुए, विभाग ने कहा कि मनरेगा स्टाफ को विभिन्न स्तरों पर तैनात किया गया है, पंचायत, ब्लॉक, जिला, डिवीजन और यूटी, और वे ग्रामीण रोजगार योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

नियमितीकरण के सवाल पर, सरकार ने दोहराया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित मनरेगा योजना के तहत सभी सहायक कर्मचारियों को अस्थायी, कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर नियुक्त किया जाता है, जो केवल कॉन्ट्रैक्ट की अवधि या योजना की अवधि के लिए मान्य होता है, जो भी पहले खत्म हो। उनकी नियुक्ति किसी स्वीकृत पद के विरुद्ध नहीं है।

जवाब में कहा गया है, आज की तारीख में, मनरेगा के तहत नियुक्त कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने के संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं है।

हालांकि, विभाग ने बताया कि सहायक कर्मचारियों के मानदेय में समय-समय पर वृद्धि की गई है, जिसमें ताजा संशोधन सरकारी आदेश संख्या 49-आरटी एंड पीआर, 2024 दिनांक 30 जनवरी, 2024 के तहत जारी किया गया है।

संशोधित ढांचे के तहत, मासिक मानदेय इस प्रकार बढ़ाया गया है। इसके अंतर्गत ग्राम रोजगार सेवक (जीआरएस) का 6,806 रुपए से 10,209 रुपए; तकनीकी सहायक का 11,000 रुपए से 16,500 रुपए; एमआईएस ऑपरेटर का 11,000 रुपए से 13,200 रुपए; और प्रशासनिक/लेखा सहायक का 6,806 रुपए से 10,209 रुपए मानदेय रखा गया है।

सरकार ने कहा कि मानदेय में किसी भी भविष्य की वृद्धि पर राज्य रोजगार गारंटी परिषद (एसईजीसी) की बाद की बैठकों में विचार किया जाएगा।

## यूपी के रेलवे स्टेशनों पर महिलाओं के लिए बनेंगे 1,680 नए शौचालय : अपर्णा यादव

लखनऊ, (आरएनएस) । उत्तर प्रदेश में रेलवे स्टेशनों पर महिला यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक अहम कदम उठाया गया है। राज्य के 640 रेलवे स्टेशनों पर महिलाओं के लिए कुल 1,680 नए शौचालय बनाए जाएंगे। इस पहल से खासतौर पर छोटे और ग्रामीण क्षेत्रों से यात्रा करने वाली महिलाओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस योजना की जानकारी उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी यह योजना बेहद जरूरी और स्वागत योग्य है। उन्होंने रेलवे विभाग द्वारा इस दिशा में प्रस्ताव तैयार करने के लिए आभार जताया और कहा कि स्वच्छ शौचालय महिलाओं के लिए बहुत जरूरी हैं, क्योंकि गंदे शौचालयों के इस्तेमाल से कई बीमारियां फैलती हैं। ऐसे में रेलवे स्टेशनों पर साफ-सुथरे शौचालयों का निर्माण महिला यात्रियों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगा। अपर्णा यादव ने पीएम मोदी का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण को लेकर देश में एक नई जागरूकता पैदा की है, जिसके चलते आज हर विभाग महिलाओं से जुड़ी सुविधाओं और अधिकारों पर गंभीरता से काम कर रहा है। उन्होंने इस योजना के लिए सरकार और रेलवे विभाग दोनों का आभार व्यक्त किया।दरअसल, रेलवे स्टेशनों पर महिलाओं के लिए शौचालयों की कमी लंबे समय से एक बड़ी समस्या रही है। इस मुद्दे को दैनिक यात्री एसोसिएशन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के सामने भी उठाया था।

# धनश्री वर्मा का गहरे हरे गाउन में ग्लैमरस लुक हुआ वायरल, तस्वीरें देख फैंस बोले- स्टनिंग ब्यूटी



धनश्री वर्मा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर किया है. उनका ये नया फोटोशूट उनके फैशन सेंस और ग्लैमरस अंदाज का बेहतरीन उदाहरण है. गहरे हरे रंग की गाउन जो शॉर्ट फ्रंट और लंबी ट्रेन के साथ डिजाइन की गई है उनके लुक को रॉयल टच दे रही है. गाउन का फिट और फैब्रिक उनके शरीर पर परफेक्ट बैठ रहा है जिससे उनका स्टाइल और भी निखर कर सामने आ रहा है.धनश्री वर्मा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ बेहद स्टाइलिश और स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं.इस फोटोशूट में उनका लुक ऐसा है कि देखते ही बन रही है. उन्होंने गहरे हरे रंग की गाउन पहनी है जो शॉर्ट फ्रंट और लंबी ट्रेन के साथ डिजाइन की गई है.गाउन का कट और फैब्रिक उनकी फिगर पर बिल्कुल फिट बैठ रहा है और ये उनके लुक में ग्लैमरस टच जोड़ रहा है.फोल्डेड ट्रेन और डिजाइन उन्हें रॉयल और एलीगेंट लुक दे रहे हैं जो हर नजर को अपनी ओर खींच रहे हैं.धनश्री के बाल सॉफ्ट वेवी स्टाइल में सेट किए गए हैं जिससे उनका चेहरा और भी निखर कर सामने आ रहा है.मेकअप भी बहुत ही सिंपल है. उन्होंने हल्की स्मोकी आईज,सटल लिप कलर और चेहरे पर नैचुरल ग्लो उनके लुक को पूरा कर रहे हैं.शाइनिंग हील्स उनके आउटफिट के साथ परफेक्ट मैच कर रही हैं .फोटोशूट में उनकी पोजिंग भी कमाल की है.धनश्री ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, चमकों की दुनिया में कोमल कृपा. इस कैप्शन के साथ फैंस ने भी उन पर खूब प्यार लुटाया है.कमेंट सेक्शन में लोग लिख रहे हैं कि वह बहुत खूबसूरत दिख रही हैं,स्टनिंग ब्यूटी और उनकी ब्यूटी का क्या ही कहना है. उनके फैंस के प्यार और तारीफों ने इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर और भी वायरल बना दिया है.

# अपने किरदार को जीने लगी हूं, ड्रैगन का किरदार निभाने वाली कनिका मान ने खोले किरदार से जुड़े राज

*टीवी के पॉपुलर सीरियल गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा की कनिका मान एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार वह आम इंसान बनकर नहीं, बल्कि ड्रैगन बनकर फैंस का दिल जीतने वाली हैं। अब नागिन 7 में अपनी एंट्री और ड्रैगन के किरदार पर कनिका मान ने कहा कि ड्रैगन का किरदार निभाना उनके लिए सपने जैसा है।*



कनिका मान ने अपने ड्रैगन के खूंखार किरदार पर बात करते हुए कहा, सीरियल में बीते 12 एपिसोड से ड्रैगन दिखाया जा रहा है और दर्शक पहले से ही उससे कनेक्टेड हैं, लेकिन बस अब नया चेहरा मेरा होने वाला है। मुझे उम्मीद है कि मैं ड्रैगन का किरदार अच्छे से निभा पाऊंगी। ड्रैगन की दुनिया अलग है, लेकिन ड्रैगन बनने से पहले किरदार राधिका के जीवन में कई उतार-चढ़ाव हैं, जो दर्शकों को कनेक्ट करने की कोशिश करेगी।

मुझे ड्रैगन के लुक को लेकर सबसे ज्यादा एक्साइटमेंट है क्योंकि वह अलग दुनिया से आता है और मैंने आज तक ऐसा किरदार नहीं निभाया है। उन्होंने आगे कहा, राधिका का किरदार कुछ-कुछ ग्रे शेड्स जैसा है। उसे गुस्सा आता है तो वो गुस्सा करती है और अगर खुश है तो खुश हो जाती है, लेकिन उसे सीमा पार करना भी आता है और यही वजह है कि किरदार थोड़ा निगेटिव हो जाता है, लेकिन मुझे इस किरदार को निभाने में मजा आ रहा है।

सीरियल में कुछ एक्शन सीन्स भी देखने को मिलेंगे और उनकी शूटिंग भी बहुत सावधानी से होगी। जिस तरीके का किरदार है, मैं अंदाजा लगा सकती हूं कि बहुत सारे स्टंट शूट होंगे। कनिका का कहना है कि वे हर किरदार से कुछ न कुछ सीखती हैं। अपने नए ड्रैगन के किरदार पर कनिका ने कहा, मेरे लिए ड्रैगन बनना आसान नहीं है, लेकिन उससे ज्यादा मैं राधिका के किरदार से सीख रही हूं। अभी तक मैंने जितने भी रोल किए हैं, उन्हें मैं असल जिंदगी में भी थोड़ा-थोड़ा जीने लगती थी, वैसा ही राधिका के किरदार के साथ हो रहा है क्योंकि मैं उसकी तरह फील करने लगी हूं, उसकी भावनाओं को महसूस करने लगी हूं। मेरे बाकी किरदार बबलीनेस से भरे रहे हैं, लेकिन राधिका और ड्रैगन का किरदार बिल्कुल अलग है। उसका एक सीमित बोलने का तरीका है, चलने का तरीका है। उसके अंदर एक ग्रेस है।

# द केरल स्टोरी 2 से जारी हुआ पहला गाना ओ माई, एक-एक शब्द करेगा भावुक





पहले पार्ट 'द केरल स्टोरी' ने अपनी बेबाक कहानी से देशभर में बहस छेड़ दी थी। अब इसका सीक्वल उससे भी ज्यादा इंटेंस नजर आ रहा है। हाल ही में इस फिल्म का पहला गाना 'ओ माई री' रिलीज किया गया है।

'ओ माई री' गाना मां और बच्चे के रिश्ते को समर्पित है। यह गाना मां के उस नि:स्वार्थ प्यार, सुरक्षा और अपनेपन को महसूस कराता है, जो हर बच्चे के लिए सबसे बड़ा कवच होता है। मन्नन शाह का सोलफुल म्यूजिक और मनोज मुंतशिर के इमोशनल लिरिक्स इस गाने को और भी खास बना देते हैं।फिल्म का टीजर पहले पार्ट से कहीं ज्यादा शार्प और इंटेंस नजर आ रहा है। नेशनल अवॉर्ड जीत चुके निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह की यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की कहानी दिखाती है। इन किरदारों को उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। कहानी तब और डार्क मोड़ पर पहुंचती है, जब ये तीनों लड़कियां दूसरे धर्म के युवकों के साथ रिलेशनशिप में आती हैं। जो कहानी प्यार से शुरू होती है, वह धीरे-धीरे एक डरावनी सच्चाई में बदल जाती है, जहां धर्मांतरण जैसे गंभीर मुद्दे सामने आते हैं।'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड' को विपुल अमृतलाल शाह ने प्रोड्यूस किया है। वहीं आशिन ए शाह ने इसे सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले को-प्रोड्यूस किया है। फिल्म 27 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## शालिनी पांडे और जहान कपूर की कॉमेडी सीरीज बैंडवाले की रिलीज तारीख जारी

विजय देवरकोंडा के साथ अर्जुन रेड्डी से लोकप्रियता हासिल करने वालीं अभिनेत्री शालिनी पांडे अपनी नई वेब सीरीज को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उनकी इस म्यूजिकल कॉमेडी सीरीज का नाम बैंडवाले है, जिसे अक्षत वर्मा और अंकुर तिवारी ने निर्देशित किया है। ब्लैक वारेंट वाले जहान कपूर भी सीरीज का हिस्सा हैं, जो दिवंगत अभिनेता शशि कपूर के पोते हैं। ओएमएल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित बैंडवाले का प्रीमियर भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा।बैंडवाले अमेजन प्राइम वीडियो की ओरिजनल सीरीज है। इसकी कहानी एक युवा कवयित्री मरियम (शालिनी) के इर्द-गिर्द घूमेगी जो अपनी स्वतंत्रता और आत्म-पहचान की तलाश में गुमनाम रूप से अपनी कविताओं को ऑनलाइन साझा करती है। उसकी जर्नी में उसका साथ रोबो और डीजे साइको देते हैं, जो उसके साथी और सबसे करीबी दोस्त हैं। सीरीज में जाने-माने कंपोजर यशराज मुखाते का संगीत भी शामिल है।

# बॉर्डर 2 बॉक्स ऑफिसः वर्ल्डवाइड 500 करोड़ के करीब सनी देओल की फिल्म, रविवार को लगाया कमाई का अंबार




बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपने शानदार 17 दिन पूरे कर लिए हैं. फिल्म ने इन 17 दिनों में वर्ल्डवाइड 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर दिया है. वहीं, फिल्म भारत में 350 करोड़ रुपये के कलेक्शन के करीब पहुंच चुकी है. सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर वॉर वेस्ड फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका मचा रखा है. फिल्म अब अपने 500 करोड़ रुपये के कलेक्शन के करीब पहुंचती जा रही है. अभी भी फिल्म के पास इस शुक्रवार तक कमाने का मौका है. क्योंकि इस शुक्रवार से बॉक्स ऑफिस पर नई फिल्में रिलीज होने जा रही है.बॉर्डर 2 ने 17 दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार 458.16 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. फिल्म अब वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है. फिल्म भारत में 350 करोड़ रुपये की ओर भी बढ़ती नजर आ रही है. फिल्म ने 14 दिनों में 323. 89 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. सैकनिल्क की मानें तो फिल्म ने 17वें दिन रविवार को 6.90 करोड़ रुपये कमाए हैं. रविवार के दिन बॉर्डर 2 का हिंदी पट्टी में ऑक्यूपेंसी रेट 21.17 फीसदी दर्ज हुआ है. बता दें, बॉर्डर 2 ने भारत में 375.12 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है और भारत में सबसे कमाऊ 50 फिल्मों की लिस्ट में वह 30वें नंबर पर है.

# केमिकल पीलिंग के बाद ध्यान में रखें ये बातें, त्वचा को नहीं होगा नुकसान



महिलाएं पिछले साल से त्वचा की देखभाल का एक नया रुझान अपना रही हैं, जिसे केमिकल पीलिंग कहा जाता है। यह एक कॉस्मेटिक उपचार है, जिसमें त्वचा की बाहरी परतों को एक्सफोलिएट करने के लिए एक रासायनिक घोल का उपयोग किया जाता है। इसे ऐसे समझें कि इसके जरिए किसी मास्क की तरह मृत त्वचा हट जाती है। इसके बाद नई और मुलायम त्वचा नजर आती है। इस उपचार के बाद इन बातों का विशेष ध्यान रखना अहम होता है।

## विस्तार से जानें केमिकल पीलिंग का मतलब

केमिकल पीलिंग के दौरान त्वचा पर एक रासायनिक घोल लगाया जाता है, जिसकी मदद से उसकी बाहरी परत हट जाती है। त्वचा की यह पुरानी और क्षतिग्रस्त परत उतरने के बाद नई और स्वस्थ त्वचा उभरती है। यह ज्यादा निखरी, चमकदार, मुलायम और बेदाग होती है। इस उपचार की मदद से महीन रेखाएं, झुर्रियां और झाइयां कम हो जाती हैं। साथ ही यह मुंहासों के दाग, रंजकता और टैनिंग हटाने में भी मदद करता है।

## अन्य सक्रीय सामग्रियों का न करें इस्तेमाल

केमिकल पीलिंग के बाद त्वचा बहुत संवेदनशील हो जाती है। ऐसे में आपको कई दिनों तक उस पर कोई अन्य सक्रीय सामग्री इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। इनमें रेटिनोइड्स, एएचए, बीएचए, ग्लाइकोलिक एसिड और सैलिसिलिक एसिड आदि शामिल होते हैं। इन्हें लगाने से नई बनने वाली त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है और हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी परेशानियां पैदा हो सकती हैं। केमिकल पीलिंग के कुछ दिनों बाद तक केवल मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन ही उपयोग करें।

## त्वचा को धूप से रखें सुरक्षित

केमिकल पीलिंग के बाद त्वचा पर बिलकुल धूप न लगने दें। नई त्वचा अल्ट्रा वॉयलेंट किरणों के प्रति बहुत संवेदनशील होती है। इनके संपर्क में आने से जलन पैदा हो सकती है, उपचार में बाधा आ सकती है और रंजकता व टैनिंग का खतरा हो सकता है। अगर आपको इस दौरान सनबर्न हो गया तो गंभीर क्षति हो सकती है और गहरे दाग पड़ सकते हैं। ऐसे में सनस्क्रीन लगाएं, चेहरे को ढकें और दिन में घर पर रहें।

## त्वचा को छूने और छीलने की न करें गलती

केमिकल पील का असर कुछ दिनों बाद नजर आता है, क्योंकि त्वचा धीरे-धीरे करके फटती है। हालांकि, बाहरी परत खुद ही उतर जाती है, जिसे छीलने की गलती नहीं करनी चाहिए। मृत त्वचा की परतों को छीलने या नोचने से संक्रमण का खतरा रहता है और आसानी से न हटने वाले निशान पड़ सकते हैं। इस उपचार के बाद अपनी त्वचा को ज्यादा छूने से भी बचें, क्योंकि ऐसा करने से कीटाणु फैल सकते हैं।

## मेकअप और अन्य फेशियल उपचारों से करें परहेज

केमिकल पीलिंग के एक या 2 दिन बाद तक आपको मेकअप नहीं लगाना चाहिए। मेकअप उत्पाद उपचार प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं और जलन, खुजली और शुष्कता का कारण बन सकते हैं।

इसके अलावा कुछ हफ्तों तक किसी भी प्रकार का अन्य फेशियल उपचार करवाने की गलती भी न करें। इनमें वैक्सिंग, थ्रेडिंग, फेशियल और लेजर उपचार आदि शामिल होते हैं। ये कॉस्मेटिक उपचार त्वचा में जलन और सूजन पैदा कर सकते हैं।

# सुबह की चाय या कॉफी से ज्यादा ऊर्जा दे सकते हैं ये खाद्य पदार्थ

सुबह उठते ही आप सबसे पहला काम क्या करते हैं? ज्यादातर लोग शायद चाय या कॉफी पीते होंगे। ये पेय तरोताजा महसूस करवाते हैं और ऊर्जा देते हैं, जिससे दिन की शुरुआत अच्छी होती है। हालांकि, चाय और कॉफी का नियमित सेवन स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है। इनके बजाय आप सुबह उठकर इन खाद्य पदार्थों को खान-पान का हिस्सा बना सकते हैं। ये ऊर्जा तो देते ही हैं, साथ ही संपूर्ण स्वास्थ्य का समर्थन भी करते हैं।



## केला

केले में प्राकृतिक मिठास और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इस फल में पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। ये मांसपेशियों को आराम देने में सहायता कर सकते हैं और पूरे दिन आपको तरोताजा महसूस करा सकते हैं। इसमें मौजूद फाइबर पाचन स्वास्थ्य को दुरुस्त करता है, जिससे पेट सुबह ही अच्छी तरह साफ हो जाता है।

## एवोकाडो

आप सुबह के नाश्ते में एवोकाडो भी खा सकते हैं, जो एक तरह का सुपरफूड है। सुबह इसे खाने से दिन की पोषक तत्वों और फाइबर से भरपूर शुरुआत मिलती है, जो दिमागी क्षमता को बढ़ाती है। इसके सेवन से आपका पेट देर तक भरा रहेगा और आप ज्यादा खाने से भी बच सकेंगे। इसमें मौजूद स्वस्थ वसा कार्बोहाइड्रेट के टूटने की प्रक्रिया को धीमा कर देती है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर स्थिर रहता है।

## ओट्स

ओट्स प्रोटीन से भरपूर होते हैं, जो सुबह के समय निरंतर ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं। इनमें मौजूद घुलनशील फाइबर बीटा-ग्लूकन खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है, जिससे हृदय संबंधी बीमारियों को दूर रखने में मदद मिल सकती है। इनमें एंटी-ऑक्सीडेंट भी पाया जाता है, जो शरीर को ऊर्जावान रखने के साथ-साथ इसे आराम देने में सहायता कर सकता है। ओट्स का सेवन करने से भूख भी कम होती है।

## बादाम

बादाम में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन-श्व और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो दिमाग को ऊर्जा देने के साथ-साथ तरोताजा रखने में मदद कर सकते हैं। इनमें अच्छी वसा भी मौजूद होती है, जो मांसपेशियों को आराम देने में सहायक हो सकती है। इसके अलावा बादाम में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकता है। इसे खाने से त्वचा और बालों की देखभाल में भी मदद मिलती है।

## सेब

सुबह एक सेब खाने से आपको प्राकृतिक रूप से ऊर्जा मिल सकती है। इसमें प्राकृतिक मिठास और फाइबर होता है, जो ऊर्जा बढ़ाने का काम करते हैं।

इसमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के साथ-साथ मांसपेशियों को आराम देने में भी सहायक होता है। इसे डाइट में शामिल करने से ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है, वजन घटाने में मदद मिलती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

# बलूचिस्तान में टैंकों के साथ घुसी पाकिस्तानी सेना, हर तरफ लगा कर्फ्यू, लोगों में डर का माहौल



क्वेटा (ए.)। बलूचिस्तान में बलूच विद्रोहियों और पाकिस्तानी सेना के बीच तनाव जारी है। इस बीच स्थानीय मीडिया ने जानकारी साझा की है कि बलूच विद्रोहियों के साथ जानलेवा झड़प के कुछ दिनों बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बल टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों के साथ बलूचिस्तान के नुश्की में घुस गए और सुरक्षा बढ़ा दी है।पाकिस्तानी अधिकारियों ने ऑपरेशन जारी रहने पर पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया और दुकानें बंद रखने और लोगों को घर के अंदर रहने के लिए कहा है।

द बलूचिस्तान पोस्ट ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने नोश्की में चल रहे कर्फ्यू और सुरक्षा ऑपरेशन के बीच बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के नेता बशीर जेब बलूच के पुश्तैनी घर को गिरा दिया।यह तोड़फोड़ अहमद वाल इलाके में हुई, जहां पाकिस्तानी बलों ने नुश्की के अलग-अलग हिस्सों में बड़े सुरक्षा ऑपरेशन के बीच विस्फोटकों का इस्तेमाल करके बशीर जेब बलूच के घर को नष्ट कर दिया।यह घटनाक्रम 31 जनवरी को बीएलए के ऑपरेशन हेरोफ के दूसरे चरण के लॉन्च के बाद हुआ।

इस ऑपरेशन के दौरान उसने नुश्की के साथ-साथ दूसरे इलाकों पर भी कब्जा करने का दावा किया। बीएलए ने ऐलान किया कि ऑपरेशन खत्म होने की घोषणा करने से पहले उसने छह दिनों तक शहर पर कब्जा बनाए रखा। इस बीच, बलूच मानवाधिकार के रक्षक मीर यार बलूच ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पाकिस्तानी टैंक के इलाके में घुसने का वीडियो शेयर करते हुए पाकिस्तानी सेना पर आरोप लगाया कि वे नुष्की में अहमदवाल इलाके में बलूच लोगों पर टैंक, ड्रोन, एयर स्ट्राइक और भारी आर्टिलरी से हमले कर रहे हैं और गांवों को तबाह कर रहे हैं।मीर ने एक्स पर पोस्ट किया, आतंक और सामूहिक सजा के ये काम उन लोगों के खिलाफ किए जा रहे हैं जिन्होंने पाकिस्तान के गैर-कानूनी कब्जे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। बलूचिस्तान की धरती पर ऐसे जुर्म कभी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने खुद को एक आतंकवादी देश के तौर पर दिखाया है, जिसने बलूचिस्तान में अपनी पहचान, अधिकार और कंट्रोल पूरी तरह खो दिया है। अपनी राजनीतिक, नैतिक और सैन्य हार मानने के बजाय, कब्जा करने वाली सेनाएं बेताब होकर क्रूर ताकत का इस्तेमाल कर रही हैं। इतिहास साफ है। क्रूर ताकत ने पाकिस्तान को कभी बेइज्जती से नहीं बचाया है और अब भी नहीं बचा पाएगी।

## चिनाब नदी पर भारत बना रहा नया हाइड्रोइलेक्ट्रिक डैम...चिंतित पाकिस्तान ने शुरु की समीक्षा

इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर भारत द्वारा बन रहे नए हाइड्रोइलेक्ट्रिक डैम, सावलकोट प्रोजेक्ट, की समीक्षा शुरू की है। भारत ने इस परियोजना की लागत करीब 5,129 करोड़ रुपये आंकी है। मोदी सरकार ने सिंधु जल संधि को पिछले साल सस्पेंड करने के बाद प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। पाकिस्तान इस परियोजना को अपनी कृषि और सिंचाई के लिए खतरा बता रहा है। सूत्रों के अनुसार, भारत ने चिनाब नदी पर चार बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसमें पाकल दुल और किरू प्रोजेक्ट्स को दिसंबर 2026 तक शुरू करने और क्वार प्रोजेक्ट को मार्च 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही रतले डैम पर भी युद्धस्तर पर निर्माण कार्य शुरू करने का आदेश दिया है।इतना ही नहीं भारत ने सिंधु जल संधि सस्पेंड करने के बाद पाकिस्तान के साथ डेटा साझा करने और पूर्व सूचना देने की जरूरत को नहीं माना है। इसके अलावा, भारत ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन के फैसलों को भी गैर-कानूनी बताकर खारिज कर दिया है।

## अमेरिका में चलती सड़क पर प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग, कई गाड़ियों से टकराया

जॉर्जिया(ए.)। अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में एक छोटा विमान आपात स्थिति में बीच सड़क पर उतर आया। सड़क पर लैंडिंग के बाद विमान कई वाहनों से टकरा गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार, विमान में एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पावर नहीं बची थी, जिसके चलते पायलट को सड़क पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि विमान व्यस्त सड़क पर उतरते ही कई गाड़ियों से टकरा जाता है। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं, हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है।

**टक्कर से फ्यूल टैंक हुआ क्षतिग्रस्त**

पुलिस के मुताबिक, लैंडिंग के दौरान विमान का दाहिना पंख एक कार से टकरा गया, जिससे विमान का फ्यूल टैंक ढीला होकर एक एसयूवी के पिछले हिस्से से जा टकराया और वाहन के भीतर घुस गया। हादसे के बाद सुरक्षा कारणों से संबंधित सड़क को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जिससे यातायात प्रभावित रहा। लोगों को ट्रैफिक में देरी की चेतावनी भी जारी की गई।

**उड़ान के कुछ देर बाद आई तकनीकी खराबी**

जानकारी के अनुसार, यह विमान गेन्सविले के ली गिल्मर मेमोरियल एयरपोर्ट से उड़ान भरकर कैंटन स्थित चेरोकी काउंटी रीजनल एयरपोर्ट जा रहा था। उड़ान के कुछ समय बाद पायलट को इंजन में तकनीकी समस्या महसूस हुई। इसके बाद पायलट ने गेन्सविले एयरपोर्ट की ओर वापस लौटने का प्रयास किया, लेकिन विमान की पावर कम होने के कारण सड़क पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। फिलहाल संबंधित एजेंसियां पूरे मामले की जांच कर रही हैं और विमान में आई तकनीकी खराबी के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## ब्रिटेन को मिल सकती है पहली मुस्लिम महिला PM, शबाना महमूद

लंदन (ए.)। ब्रिटेन की राजनीति में एक बार फिर भूचाल आने के संकेत मिल रहे हैं। एपस्टीन फाइल्स विवाद ने दुनिया भर की सरकारों को हिलाकर रख दिया है और इसकी आंच अब ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी तक पहुंच गई है। चर्चा जोरों पर है कि स्टार्मर की सरकार गिर सकती है। इस राजनीतिक अस्थिरता के बीच एक नाम तेजी से उभरकर सामने आया है, और वह है शबाना महमूद। अगर स्टार्मर को पद छोड़ना पड़ता है, तो ब्रिटेन को इतिहास में पहली बार एक मुस्लिम महिला प्रधानमंत्री मिल सकती है। शबाना महमूद इस वक्त ब्रिटिश सरकार में गृह मंत्री हैं और उन्हें लेबर पार्टी में पीएम पद का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

पीओके के मीरपुर से जुड़ा है परिवार का नाता

शबाना महमूद वर्तमान में लेबर पार्टी की सबसे कद्दावर नेताओं में से एक हैं और उन्हें कीर स्टार्मर का बेहद करीबी माना जाता है। 45 वर्षीय शबाना पेशे से वकील हैं और एक कुशल वक्ता के तौर पर अपनी पहचान रखती हैं। उनका जन्म ब्रिटेन के बर्मिंगम में हुआ था, लेकिन उनके परिवार का ताल्लुक पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) के मीरपुर कस्बे से है। उनके पिता महमूद अहमद और मां जुबैदा वहीं के रहने वाले थे। ऑक्सफोर्ड के लिंकन कॉलेज से कानून की डिग्री हासिल करने वाली शबाना को 2010 में पहली बार सांसद बनने का मौका मिला था।

## दीपू दास के परिवार को आर्थिक मदद मिलेगी, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का ऐलान पक्का घर बनाएंगे

**-कट्टरपंथी हिंसा में मारे गए हिंदू युवक के परिजनों को पुनर्वास पैकेज, दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा**

ढाका,(ए.)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मयमनसिंह जिले में कट्टरपंथी भीड़ की हिंसा का शिकार हुए हिंदू युवक दीपू चंद्र दास के परिवार के लिए व्यापक आर्थिक सहायता और पुनर्वास पैकेज की घोषणा की है। सरकार ने साफ किया है कि इस जघन्य हत्या के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

दीपू दास बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखते थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी हत्या के बाद परिवार पर गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकट खड़ा हो गया था। इसी को ध्यान में रखते हुए अंतरिम सरकार ने परिवार के लिए आर्थिक मदद और स्थायी आवास की व्यवस्था करने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि 18 दिसंबर 2025 को मयमनसिंह जिले के वालुका उपजिला स्थित स्क्वायर मास्टरबाड़ी क्षेत्र में कथित ईशनिंदा के आरोप में उग्र भीड़ ने दीपू दास की नृशंस हत्या कर दी थी।

## बांग्लादेश चुनावः भारत विरोधी भावनाओं और क्रिकेट के इर्द-गिर्द सिमटा प्रचार, 12 को होगा मतदान

ढाका,(ए.)। बांग्लादेश में गुरुवार यानी 12 फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव के लिए चुनावी बिगुल बज चुका है। जमीनी स्तर पर चुनाव प्रचार का शोर आज थम जाएगा, लेकिन डिजिटल दुनिया और सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों के बीच चल रही जंग अब भी चरम पर है। इस बार का चुनाव मुख्य रूप से बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ-साथ शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद उभरी नई राजनीतिक ताकतों के बीच मुकाबला माना जा रहा है।



इस चुनावी माहौल में सबसे दिलचस्प बात यह है कि राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए क्रिकेट और भारत विरोधी भावनाओं का सहारा ले रहे हैं। विभिन्न दलों के समर्थकों द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से निर्मित वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि नई सरकार आने पर विश्व कप ढाका आएगा। टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की हार को राष्ट्रीय गरिमा से जोड़ते हुए जमात-ए-इस्लामी के समर्थकों ने इसे विदेशी हस्तक्षेप और अन्याय का परिणाम बताया है। उनका दावा है कि उनके नेतृत्व वाली सरकार वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश का गौरव वापस लाएगी और क्रिकेट में बड़ी सफलताएं दिलाएगी। वहीं, शेख हसीना सरकार के खिलाफ हुए छात्र आंदोलनों से जन्मी नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) ने इस बार सबसे आक्रामक रुख अपनाया है।

# खेल समाचार

## टी-20 विश्व कप 2026: जिम्बाब्वे ने ओमान को 8 विकेट से हराया, ये बने रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली (ए.)। टी-20 विश्व कप 2026 में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम ने अपने अभियान की शुरुआत जीत से की। सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में हुए मुकाबले में ओमान के बल्लेबाजों ने निराश किया और पूरी टीम 19.5 ओवर में सिर्फ 103 रन बनाकर आउट हुई। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम ने छोटे से लक्ष्य को 2 विकेट के नुकसान पर 13.3 ओवर में हासिल किया। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

ओमान ने पावरप्ले तक 24 रन पर अपने 4 विकेट गंवा दिए। इस बीच आमिर कलीम (5), जतिंदर सिंह (5), हम्माद मिर्जा (0) और करण सोनावले (0) दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। मध्यक्रम में सुफयान महमूद (25) और विनायक शुक्ला (28) ने टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। जवाब में जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट (48*) और ब्रेंडन टेलर (31 रन, रिटायर्ड हर्ट) की पारियों की मदद से लक्ष्य हासिल किया।

जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने अपने 4 ओवर में 16 रन देते हुए 3 विकेट लिए। रिचर्ड नगारवा के खाते में भी 3 सफलताएं आई। इस गेंदबाज ने अपने 4 ओवर के कोटे में 4.20 की इकॉनमी रेट से 17 रन दिए। अनुभवी तेज गेंदबाज ब्रेड इवांस ने 3.5 ओवर में 18 रन देते हुए 3 ही विकेट लिए। कप्तान सिकंदर रजा ने 1 विकेट अपने नाम किया।

जीत के लिए मिले 104 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रायन बेनेट ने जिम्बाब्वे को अच्छी शुरुआत दिलाने का प्रयास किया। दाएं हाथ हाथ के इस बल्लेबाज ने 36 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाए। उन्होंने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में अब तक 53 मैच खेले हैं और इसकी इतनी ही पारियों में 1,600 से अधिक रन बनाए हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर 111 रन रहा है।

ओमान ने टी-20 विश्व कप मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे कम स्कोर (103) का अनचाहा रिकॉर्ड बनाया है। बता दें कि इससे पहले जिम्बाब्व के विरुद्ध न्यूनतम स्कोर यूएई ने (116/9, 2014) ने बनाया था।

## टी-20 विश्व कप 2026: दक्षिण अफ्रीका ने कनाडा को हराया, ये बने रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली(ए.)। टी-20 विश्व कप 2026 के 9वें मैच में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने कनाडा क्रिकेट टीम को 57 रन से हराते हुए अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए मैच में प्रोटियाज टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 213/4 का स्कोर बनाया, जिसमें एडेन मार्करम का अर्धशतक (59) शामिल रहा। जवाब में कनाडा की टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 156/8 का स्कोर ही बना सकी। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

दक्षिण अफ्रीका से मार्करम और क्विंटन डिकॉक (25) ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। इसके बाद रयान रिकेल्टन (33), डेविड मिलर (39*) और ट्रिस्टन स्टब्स (34*) ने मिलकर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। जवाब में कनाडा से दिलप्रीत बाजवा (0) और युवराज समरा (12) के रूप में सलामी बल्लेबाज सस्ते में आउट हुए। इसके बाद नवनीत धालीवाल (64) और हर्ष ठाकर (32) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।

मार्करम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की, जिसकी बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट खोए 66 रन बनाए। उन्होंने कनाडा के गेंदबाजों के सामने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

## भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप 2026 में मैच खेलेगा पाकिस्तान, हुआ आधिकारिक ऐलान



नईदिल्ली(ए.)। (पीसीबी) टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 15 फरवरी को होने वाला मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से ही होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आखिरकार इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के दबाव के आगे झुक गया। बता दें कि इससे पहले पाकिस्तानी सरकार ने भारत के खिलाफ कोलंबो में होने वाले मैच के बहिष्कार की घोषणा की थी, जिससे विवाद बढ़ गया था। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

पीसीबी ने बयान जारी करते हुए कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने आईसीसी और बीसीबी के बीच हुई उच्च-स्तरीय बातचीत के नतीजों के बारे में औपचारिक रूप से जानकारी दी। बोर्ड ने आगे कहा, कई देशों के साथ बातचीत के नतीजों और दोस्त देशों के अनुरोध को देखते हुए, पाकिस्तान सरकार क्रिकेट टीम को 15 फरवरी, 2026 को टी-20 विश्व कप में अपने तय मैच के लिए मैदान में उतरने का निर्देश देती है।

आईसीसी ने पीसीबी और बीसीबी के बीच लाहौर में हुई बैठक की जानकारी साझा की। आईसीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर कोई वित्तीय, खेल या प्रशासनिक पेनल्टी नहीं लगाई जाएगी। बता दें कि बांग्लादेश ने टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारत का दौरा करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद से ऐसी संभावनाएं जताई जा रही थी कि बीसीबी के खिलाफ आईसीसी आर्थिक प्रतिबंध लगा सकता है। बीते रविवार (8 फरवरी) को लाहौर में आईसीसी, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई थी। इस बैठक का मुख्य एजेंडा टी-20 विश्व कप 2026 में 15 फरवरी को भारत-पाकिस्तान मैच की स्थिति को स्पष्ट करना था। इस लंबी बैठक के बाद विवाद खत्म हुआ और यह मैच खेले जाने का रास्ता साफ हुआ।बांग्लादेश ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत में टी-20 विश्व कप खेलने से इनकार किया था। वहीं, 24 जनवरी को आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया था। इस पर पीसीबी अध्यक्ष नकवी ने नाराजगी जताते हुए आईसीसी पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाने के साथ पाकिस्तान की भागीदारी पर संदेह जताया था।

## यूएफा महिला चैंपियंस लीग खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर हैं मनीषा

**एलियांजा लीमा क्लब से खेलेंगी**

लीमा (ए.)। भारतीय महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण मनीषा यूएफा महिला चैंपियंस लीग में खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर हैं। इसके बाद से ही उन्हें विदेशी लीग से प्रस्ताव मिलने शुरु हुए। अब मनीषा पेरु के क्लब एलियांजा लीमा से खेलती हुई नजर आयेंगी। मिडफील्डर मनीषा ने हाल ही में इस क्लब से करार किया है। मनीषा के अनुसार इससे उन्हें काफी कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। मनीष के अनुसार वह इस टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा, ''मैं इस क्लब में आकर बहुत खुश हूं। मुझे उनका खेलने का अंदाज काफी अच्छा लगता है।मैं अब इस नई चुनौती को लेकर बेहद उत्साहित हूं। वहीं क्लब एलियांजा ने कहा, ''मनीषा के साथ करार से हमें खुशी हुई है। उनके आने से हैं टीम को मजबूत मिलेगी। उन्होंने यूरोपीय फुटबॉल के शीर्ष स्तर पर खेला है जिसका लाभ क्लब को मिलेगा। ''साथ ही कहा , ''कल्याण ने क्लब और राष्ट्रीय टीम दोनों स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। उनके पेशेवर करियर में भारत, साइप्रस और यूनान की लीग में खेलने का अनुभव शामिल है। ''वहीं मनीषा ने कहा कि उसका प्रयास क्लब के लिए बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। उनका ध्यान अपना सौ फीसदी देने पर रहेगा।



## टी-20 विश्व कप 2026: नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया, ये बने रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली(ए.)। टी-20 विश्व कप 2026 के 10वें मैच में नीदरलैंड क्रिकेट टीम ने नामीबिया क्रिकेट टीम को 7 विकेट से हराया। अरुण जेटली स्टेडियम में हुए मुकाबले में नामीबिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों के बाद 156/8 का स्कोर बनाया। जवाब में डच टीम ने बास डे लीडे की पारी (72*) की मदद से लक्ष्य हासिल किया। यह मौजूदा टूर्नामेंट में नीदरलैंड की पहली जीत है। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

नामीबिया को लौरेन स्टीनकैंप (6) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद जान फ्राइलिंक (30) और जान निकोल लोफ्टी-ईटन (42) ने उम्दा पारियां खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में नीदरलैंड ने पावरप्ले तक 50/2 का स्कोर बनाया। इस बीच उनके दोनों सलामी बल्लेबाज आउट हुए। संकट की घड़ी में बास डी लीडे और कॉलिन एकरमैन (32) ने उपयोगी पारियां खेलते हुए जीत दिलाई।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड को जब 16 के स्कोर पर पहला झटका लगा, तब बास डी लीडे क्रीज पर आए। उन्होंने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय का 5वां अर्धशतक लगाया। वह 48 गेंदों में 72 रन बनाकर नाबाद रहे।

## रोहित शर्मा और विराट कोहली के केंद्रीय अनुबंध में हुआ बदलाव, ग्रेड- बी में शामिल किए गए



नईदिल्ली(ए.)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध (2025-26) की घोषणा की, जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा को ग्रेड- बी में रखा गया है। बीसीसीआई ने इस बार पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए अनुबंध में बदलाव किए हैं। इस बार दोनों वर्ग से ए+ श्रेणी को हटा दिया गया है। पुरुष टीम में सिर्फ 3 खिलाड़ियों को ग्रेड-ए में रखा गया है। आइए सूची पर नजर डालते हैं।

इस बार बीसीसीआई ने कुल 30 सीनियर पुरुष क्रिकेटरों को केंद्रीय अनुबंध दिया गया है। बीसीसीआई द्वारा जारी सूची में शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को ही ग्रेड-ए में रखा गया है। बता दें कि गिल वनडे और टेस्ट प्रारूप में भारत के कप्तान हैं, जबकि बुमराह तीनों प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। वहीं, जडेजा टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं और वनडे और टेस्ट टीम के अभिन्न अंग हैं।

बीसीसीआई ने इस बार ग्रेड- बी में 11 खिलाड़ियों को रखा है। कोहली और रोहित के अलावा इस ग्रेड में हार्दिक पांड्या, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर और कुलदीप यादव शामिल हैं। बता दें कि पंत, सिराज, पांड्या और राहुल पिछले अनुबंध में ग्रेड-ए का हिस्सा थे। ऐसे में इन प्रमुख खिलाड़ियों के अनुबंध में भी बदलाव देखने को मिले हैं।

बीसीसीआई ने ग्रेड-सी में सर्वाधिक 16 खिलाड़ियों को रखा है। इस ग्रेड में अक्षर पटेल, रुतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप सिंह, ध्रुव जुरेल, वरुण चक्रवर्ती, नितीश रेड्डुडी, साई सुदर्शन, रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा और हर्षित राणा को शामिल किया गया है। दूसरी तरफ मोहम्मद शमी, रजत पाटीदार, सफरफराज खान, और मुकेश कुमार को इस बार अनुबंध नहीं मिले हैं।

ग्रेड-ए: हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिगेज, और दीप्ति शर्मा। ग्रेड- बी: रेणुका ठाकुर, शैफाली वर्मा, ऋचा घोष, और स्नेह राणा। ग्रेड-सी: राधा यादव, अमनजोत कौर, प्रतिका रावल, क्रांति गौड़, उमा छेत्री, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, हरलीन देयोल, काशवी गौतम, जी कमलिनी, वैष्णवी शर्मा और तेजल हसब्निस।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना में शिविर आयोजित कर श्रमिकों का पंजीयन करें : कमिश्नर श्री तिवारी

**मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी 14 घंटे का अनिवार्यत: कोर्स करें**
**संकल्प से समाधान अभियान में जिस ग्राम पंचायत एवं वार्डों से आवेदन नहीं आए उसका परीक्षण किया**




नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे श्रम विभाग के माध्यम से शिविर आयोजित कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। बताया गया कि 15 हजार से कम मासिक आय वाले 40 वर्ष की आयु तक के व्यक्तियों का इसमें पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा। कमिश्नर ने निर्देश दिए की इस योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता श्रमिक, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का भी पंजीयन किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए। सभी सार्वजनिक जगहों पर बैनर और पोस्टर लगाकर लोगों को योजना के प्रति जागरूक किया जाए और इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराया जाए। कमिश्नर ने मिशन कर्मयोगी के तहत शासन के निर्देशानुसार सभी राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों को 14 घंटे का अनिवार्यत: कोर्स करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी कोर्स करके प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत अब तक प्राप्त आवेदनों एवं आवेदनों के निराकरण की स्थिति की अदयतन समीक्षा की और निर्देश दिए की जिले की जिन ग्राम पंचायतो एवं शहरी क्षेत्र के वार्डों से तथा अभियान के अंतर्गत संलग्न किसी भी विभाग की योजना से संबंधित यदि आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं तो उसकी सूक्ष्मता से समीक्षा की जाए। उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ऐसी ग्राम पंचायत, शहरी क्षेत्र के वार्ड एवं उन विभागों का अनिवार्यता परीक्षण कर ले जिससे संबंधित कोई भी आवेदन अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं। उल्लेखनीय है कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 16 विभाग की 65 सेवाएं शामिल की गई है। नर्मदापुरम जिले में इस अभियान के अंतर्गत अब तक 25 हजार 803 आवेदन प्राप्त हुए हैं, वही हरदा जिले में 22 हजार एवं बैतूल जिले में 68 हजार 772 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## पात्र उपभोक्ताओं को 28 फरवरी से पूर्व समाधान योजना का लाभ दिलाएं : प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने कहा कि समाधान योजना 2025-26 के दूसरे चरण का लाभ पात्र हितग्राहियों को 28 फरवरी के पूर्व दिलाया जाए। चालू फरवरी माह एवं मार्च माह में सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों (एटीएण्डसी) को कम करने के लिए विक्रित यूनिट को बढाया जाए तथा लक्ष्य के अनुसार राजस्व संग्रहण हेतु सघनता के साथ वसूली अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के फायदे और उपयोगिता को लेकर आमजन और उपभोक्ताओं में जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र उपभोक्ताओं को 5 रुपये में नवीन घरेलू और कृषि पम्प कनेक्शन प्रदाय किये जाएं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को यह संदेश जाना चाहिए कि कंपनी उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोपरि रखती है। प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग नर्मदापुरम जिले की विद्युत आपूर्ति और विभागीय कार्यों को लेकर नर्मदापुरम वृत्त में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (भोपाल क्षेत्र) बी.बी.एस.परिहार एवं नर्मदापुरम वृत्त के महाप्रबंधक विनोद भदौरिया, महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) अभिषेक मार्तण्ड, महाप्रबंधक (स्काडा) रामेश्वर चतुर्वेदी, सभी उप महाप्रबंधक, प्रबंधक एवं जूनियर इंजीनियर मौजूद थे। प्रबंध संचालक श्री गर्ग ने कहा कि बिजली चोरी बहुल इलाकों में सघनता से चैकिंग अभियान संचालित करें तथा अनधिकृत विद्युत उपयोग की रोकथाम के लिए विद्युत अधिनियम की धाराओं के तहत वैधानिक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने हेतु कंपनी की ''इन्फॉर्मर स्कीम'' का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर आमजन को जानकारी दी जाए। बिलिंग इफिशिएंशी, कलेक्शन इफिशिएंशी को बढाया जाए तथा ऐसे वितरण केन्द्रों जिनका प्रदर्शन अच्छा नहीं है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने नर्मदापुरम वृत्त के जूनियर इंजीनियर से लेकर उप महाप्रबंधक को सचेत किया कि आगामी माहों में परफॉरमेंस में सुधार दिखाई देना चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं के साथ-साथ कंपनी को इसका लाभ हो। प्रबंध संचालक ने कहा कि प्राकृतिक आपदा जैसे मामलों को छोडकर किसी भी प्रकार की ट्रिपिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा एसपीएम का दौरा संपन्न

नर्मदापुरम (निप्र)। मंगलवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा प्रतिभूति कारखाने का दौरा किया गया। उनके साथ अपर कलेक्टर (एडीएम) श्री राजीव रंजन पांडेय भी उपस्थित रहे। मिल के एजीएम अमित कुमार द्वारा उनका स्वागत किया गया।



विस्तृत जानकारी देते हुए एसपीएम के डीजीएम (जनसंपर्क) संजय भावसार द्वारा बताया गया कि इस भ्रमण के दौरान सिक्योरिटी पेपर मिल की उत्पादन प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों एवं विभिन्न तकनीकी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उन्हें दी गई। उनके द्वारा मिल परिसर का निरीक्षण किया गया और अधिकारियों से पेपर उत्पादन प्रक्रिया एवं अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली गई। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा मिल में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा तथा गुणवत्ता सुधार से जुड़े प्रयासों को और सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर एसपीएम के वरिष्ठ अधिकारी परीक्षित जोशी, अखिलेश गुप्ता, डॉ. घनश्याम जरेडा, गोविंद रघुवंशी इंद्रजीत कुमार, अनूप मोर्या आदि भी उपस्थित थे।

## जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आज

नर्मदापुरम (निप्र)। जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक 11 फरवरी 2026 को प्रात: 11.00 बजे कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में आयोजित की गई है।तत?संबंध में संयुक?त कलेक?टर एवं जिला जनगणा अधिकारी नर्मदापुरम श्री अनिल कुमार जैन द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि और समय पर बैठक में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

## 14 को पुलवामा हमले में शहीद भारतीय फौज के जवानों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

नर्मदापुरम (निप्र)। 14 फरवरी को पुलवामा हमले में शहीद हुए भारतीय फौज के जवानों को सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने कहा कि जहां एक और वैलेंटाइन डे को महत्व दिया जाता है वहीं दूसरी ओर यह भूल जाते हैं कि 14 फरवरी को हमारे देश के जवान शहीद हुए थे सभी संस्थाओं को उक्त दिवस शहीद दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। वर्तमान परिवेश में बढ़ता हुआ जातिवाद देश की एकता अखंडता के लिए नासूर बना हुआ है जबकि शहीद हुए जवानों में सभी एक जाति के नहीं थे सिर्फ तिरंगे की आन बान शान के लिए समर्पित रहते थे।

## सर्वर की गड़बडी से राशन वितरण में हो रही परेशानी

नर्मदापुरम (निप्र)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासन की योजना के अनुसार राशन वितरण का कार्य हर माह 8 तारीख से होता है। लेकिन इस बार बताया गया कि सर्वर में कुछ खराबी आ जाने से राशन वितरण नहीं हो सका। इस दौरान हर राशन दुकानों पर राशन लेने वालों को बार बार चक्कर लगाना पड रहा है। राशन दुकान संचालकों का कहना है कि सर्वर नहीं चल रहा है। इस कारण राशन वितरण नहीं हो रहा है। इसमें उपभोक्ताओं को अकारण परेशान होना पड़ रहा है। बताया गया कि अनेक ऐसे गरीब लोग हैं जो मजदूरी करने के लिए जाते हैं लेकिन राशन लेने के लिए उन्हें आना पड़ता है क्योंकि उनके अंगूठे का निशान लगता है तभी राशन दिया जाता है। ऐसी स्थिति में उन्हें मजदूरी छो़ड़कर बार बार राशन की दुकान पर आना पड़ रहा है।

## जिले में 76 परीक्षा केन्द्रों पर प्रारंभ हुई माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) बोर्ड परीक्षा

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से प्रारंभ हुई। जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र में हल किया। परीक्षा के दौरान जिले भर के 76 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की उपस्थिति में परीक्षा आयोजित की गई। नकल का कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया। जिले में कुल 10,401 विद्यार्थियों में से 10,294 परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र हल किया, जबकि 107 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं के कुल 9,437 नियमित परीक्षार्थियों में से 9,392 उपस्थित एवं 45 अनुपस्थित रहे। वहीं 964 स्वाध्यायी परीक्षार्थियों में से 902 उपस्थित तथा 62 अनुपस्थित रहे। जिले के पंजीकृत 1 दिव्यांग परीक्षार्थी ने भी परीक्षा में सम्मिलित होकर प्रश्न पत्र हल किया। नर्मदापुरम विकासखंड अंतर्गत 3,191 में से 3,156 विद्यार्थी उपस्थित एवं 35 अनुपस्थित रहे।

# 100 से अधिक स्कूलों के शिक्षकों ने रोड सेफ्टी कन्वेंशन में लिया हिस्सा

**होंडा बाइक एण्ड स्कूटर इंडिया ने ग्वालियर में सुरक्षित भविष्य के लिए रोड सेफ्टी कन्वेंशन का किया आयोजन**

नर्मदापुरम। ग्वालियर। (निप्र)। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ;एचएमएसआई ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक रोड सेफ्टी कन्वेंशन आयोजित कियाए जिसमें 100 से अधिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। यह पहल एचएमएसआई के चल रहे प्रोजेक्ट . हमारी भावी पीढ़ी के लिए माइंडसेट डेवलपमेंट का हिस्सा हैए जिसका उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही सुरक्षित सड़क आदतें विकसित करना है। पुष्पा डोदी डीईओ इंचार्ज ग्वालियरय डॉ केपी एस तोमर ट्रैफिक इंस्पेक्टर ग्वालियरय और शिशिर चतुर्वेदी जनरल मैनेजर सेफ्टी राइडिंग होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कन्वेंशन की शोभा बढ़ाई। सत्रों में शिक्षकों को किड्स माइंडसेट चेंज अवेयरनेस मॉड्यूल्स से परिचित कराया गया। ये मॉड्यूल इस तरह बनाए गए हैं कि बच्चे छोटी उम्र से ही सड़क पर सुरक्षित रहने की आदतें सीख सकें। कन्वेंशन का मुख्य मकसद यह है कि स्कूल इन मॉड्यूल को अपनी पढ़ाई में शामिल करें और सड़क सुरक्षा की शिक्षा को जोर.शोर से बढ़ावा दें। एक खास पोर्टल के जरिए स्कूलों को ये मॉड्यूल हमेशा मिलते रहेंगे। इस पोर्टल पर समय.समय पर नए अपडेट भी आते रहेंगे, ताकि बच्चों को सड़क सुरक्षा की ताजा और सही जानकारी मिलती रहे। स्कूल चाहें तो इन सत्रों को लाइव देख सकते हैं या डाउनलोड करके बाद में इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सुविधा इसलिए है कि हर स्कूल को आसानी हो। साथ हीए ये मॉड्यूल कई भाषाओं में उपलब्ध हैंए ताकि अलग.अलग इलाकों के बच्चे आसानी से समझ सकें। अब तक एचएमएसआई ने भारत भर में सफलतापूर्वक 21 रोड सेफ्टी कन्वेंशन्स आयोजित किए हैंए जिनमें 2600 स्कूलों तक पहुंच बनाई गई है और 11 लाख से अधिक छात्रों को संवेदनशील बनाया गया है। एचएमएसआई ने इस व्यापक पहुंच को देखते हुए इस वर्ष कार्यक्रम को और विस्तार देने का लक्ष्य तय किया है ताकि देश भर में और अधिक स्कूलों तथा समुदायों तक पहुंचा जा सके। प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को सीधे शामिल करकेए कंपनी सुनिश्चित करती है कि सुरक्षा का संदेश कक्षाओं के माध्यम से बढ़ता रहेए जिससे आखिरकार परिवारों और पूरे समाज पर प्रभाव पड़े। एचएमएसआई के सेफ्टी फॉर एव्रीवन के वैश्विक संदेश के तहतए एक जिम्मेदार रोड यूजर्स की पीढ़ी विकसित करने पर केंद्रित है। इस कन्वेंशन का मुख्य लक्ष्य है कि सड़क सुरक्षा की सीख को और बढ़ाया जाए। ताकि बच्चे छोटी उम्र से ही सुरक्षित तरीके से व्यवहार करना सीखें और यह उनकी आदत बन जाए। शिक्षकों स्कूल के प्रबंधकों और अधिकारियों के साथ मिलकर काम करके कंपनी लगातार कोशिश करती है कि भारत की आने वाली पीढ़ियों के लिए सड़क सुरक्षा को सबकी जिम्मेदारी और जिंदगी जीने का एक तरीका बनाया जाए।

## *सिवनीमालवा विधायक की अनुशंसा पर 01 निर्माण कार्य हेतु 01 लाख 25 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी*

*नर्मदापुरम (निप्र)। सिवनीमालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से 01 निर्माण कार्य के लिए कुल 01 लाख 25 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनीमालवा विधायक श्री वर्मा की अनुशंसा पर विधायक निधि से शासकीय सीनियर जनजातीय छात्रावास सिवनीमालवा में छात्रों एवं आमजन हेतु जिम उपस्कर स्थापना के लिए 01 लाख 25 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।*

# जनसुनवाई में 89 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**अतिक्रमण,विद्युत सुरक्षा,सीमांकन जैसे अन्य राजस्व मामलों से संबंधित आवेदन हुए प्राप्त**



नर्मदापुरम। (निप्र)। मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अपर कलेक्टर अनिल जैन ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 89 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।मंगलवार को जनसुनवाई में ग्राम बुधवाड़ा निवासी प्रदीप यादव ने दूषित पानी कि निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया। जिस पर अनिल जैन ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी नर्मदापुरम को समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में नर्मदापुरम निवासी दिव्यांग छोटेलाल कहार ने वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। श्री जैन ने सामाजिक न्याय विभाग अधिकारी को उचित सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई मे आए ग्राम परसवाड़ा तहसील बनखेड़ी निवासी पदमसिंह ने सार्वजनिक मार्ग पर अवैध निर्माण को रोकने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर श्री जैन ने तहसीलदार बनखेड़ी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार कृषि-भूमि सीमांकन, अतिक्रमण की समस्या, नजूल रिकॉर्ड अद्यतन,पट्टा वितरण, अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज परिहार, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# इटारसी पुलिस द्वारा किया गया अंधे कत्ल का खुलासा

इटारसी (निप्र)। दिनांक 06/01/2026 को फरियादी आविद पिता जावेद खान उम्र 32 साल निवासी नाला मोहल्ला इटारसी ने रिपोर्ट किया कि नागपुर रेल्वे लाईन आउटर के पास यार्ड रोड पेड़ के पास इटारसी में एक अज्ञात मृतिका का शव पड़ा है जो सूचना पर मर्ग क्रं. 04/2026 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जाँच में लिया गया। मर्ग जाँच उपरांत प्रथम दृष्टया पाया गया कि अज्ञात मृतिका की हत्या अज्ञात आरोपी द्वारा की गई है जो थाना इटारसी में अपराध क्रं. 17/2026 धारा 103 (1) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया था।श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला नर्मदापुरम एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला नर्मदापुरम के निर्देशन मे एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) इटारसी के मार्गदर्शन में मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात मृतिका एवं अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये जिनके पालन में तत्काल टीम गठन कर लगभग 2000 कैमरे देखे गये एवं सायबर सेल के द्वारा जिन स्थानो पर अज्ञात मृतिका व संदेही दिखा उन स्थानो का तकनीकी डाटा एकत्र कर उसका अवलोकन किया गया। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर संदिग्ध का छायाचित्र व उसके साथ अज्ञात मृतिका कि हत्या के समय पहने हुये कपड़े एवं हत्या के पूर्व छायाचित्र मे पहने हुये कपड़े जिसका छायाचित्र बनवाकर विभिन्न स्थानो व सोशल मीडिया मे माध्यम से प्रकाशित किया गया तकनीकी डाटा के अवलोकन एवं मुखबिर से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक टीम को बिहार राज्य के जिला रोहतास थाना कच्छवा भेजी जहा से संदेही को फुटेज में देखी गई हूलिया के आधर पर अभिरक्षा में लेकर नाम पता पूछा जिसने अपना नाम रिजवान पिता नेहलउद्दीन खान उम्र 24 साल निवासी रामपुर भरेथा थाना कच्छवा जिला रोहतास (बिहार) का होना बताया जिसे थाने लेकर आये एवं घटना के संबंध में गहन पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया आरोपी रिजवान से अज्ञात मृतिका के संबंध मे पूछा गया जिसने बताया कि उसका नाम रिहाना खातून पिता जासीन खान नि. ग्राम वार्ड क्र. 13 पीरूपुरब मोहल्ला भोजपुर (बिहार) का होना बताया। मृतिका रिहाना एवं आरोपी रिजवान पास पास के गाँव के रहने वाले थे जो करिबन 01-02 माह से चन्द्रपुर (महाराष्ट्र) मे रह रहे थे। मृतिका रिहाना आरोपी रिजवान से शादी करने का बोल रही थी किन्तु आरोपी रिजवान उससे शादी करना नही चाहता था। इस दौरान आरोपी को अहसास हुआ कि मृतिका किसी अन्य व्यक्ति से बात करती है व संबंध बनाये हुये है। जो दिनांक 04/02/26 को चन्द्रपुर से अपने अपने गाँव के लिये इटारसी पहुंचे जहां रेल्वे स्टेशन पर आरोपी रिजवान ने मृतिका रिहाना को काफी समझाया किन्तु रिहाना बोली कि यदि मुझसे शादी नही करोगे तो गाँव जाकर तुम्हारी रोपिर्ट करूंगी इसी कारण आरोपी रिजवान ने रिहाना को इटारसी रेल्वे स्टेशन के नागपुर रेल्वे लाइन आउटर के पास यार्ड रोड पर सुनसान स्थान पर फ्रेस होने के बहाने ले जाकर हत्या कर दी थी। आरोपी रिजवान को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन हेतु आरोपी का दिनांक 12/02/2026 तक का पुलिस रिमांड लिया गया है।

नाम आरोपीगण 1 - रिजवान पिता नेहलउद्दीन खान उम्र 24 साल निवासी रामपुर भरेथा थाना कच्छवा जिला रोहतास (बिहार) सराहनीय भूमिका

1- आरक्षक 749 राजकुमार झपाटे थाना इटारसी, 1 आरक्षक संदीप यादुवंशी (सायबर सेल) महत्वपूर्ण भूमिका1 - निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला एवं थाना इटारसी का समस्त स्टाफ एवं SDO (P) कार्यालय इटारसी का समस्त स्टाफ एवं थाना प्रभारी पथरोटा उनि संजीप पंवार, एवं सायबर सेल नर्मदापुरम का समस्त स्टाफ, आर.पी.एफ. थाना इटारसी के आरक्षक निर्मल पटेल एवं प्रहलाद कुमरे, आर. मनीष मेहतो (रक्षित केंद्र हरदा)

# पूर्व नपाध्यक्ष ने बनवाया था कुत्तों का टायलेट वर्तमान परिषद 28 लाख से बनाएगी डॉग शेल्टर होम

## आवारा कुत्तों के लिए नगरपालिका ने कर ली जगह चिह्नित




नर्मदापुरम (निप्र)। पूर्व नपाध्यक्ष ने कुत्तों के लिए टायलेट बनाने की जिद पकड़ ली थी। सर्किट हाउस के पास बनवा भी दिया था। जो कुछ दिन का ही रहा। नगर के नागरिकों के द्वारा दिए जाने वाले टेक्स की राशि उसमें लगाई गई थी। जो कोई काम नहीं आया था। इतना जरूर था कि पब्लिसिटी जरूर हुई थी। जो एक व्यंग्यात्मक प्रचार हुआ था। अब वर्तमान परिषद के द्वारा 28 लाख रूपये खर्च कर आवारा कुत्तों के लिए डाग शेल्टर होम बनाने की योजना बनाई गई है। इसके हाल भी वही होना है जो कुत्ते के टायलेट के हुए। कुत्ते सड़कों पर ही मिलेंगे। नगर पालिका के द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह बात सामने आई है कि शासन के निर्देशानुसार आवारा कुत्तों को लेकर नगर पालिका युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। आवारा कुत्तों को रखने के लिए 28 लाख की लागत से डॉग शेल्टर होम बनाया जाएगा। शेल्टर होम के लिए नगरपालिका की टीम द्वारा जगह भी चिह्नित कर ली गई है। एचएसटीपी प्लांट के पास खाली जगह में इस भवन का निर्माण किया जाएगा। जहां पर आवारा कुत्तों को रखा जाएगा। विज्ञप्ति में अवगत कराया गया है कि अभियान प्रभारी अधिकारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों को आवारा कुत्तों से सतर्क करने के लिए द्रुतगति से अभियान चलाया जा रहा है। आवारा डॉग्स को रखने के लिए 28 लाख रुपए की लागत से डॉग आश्रय गृह भी बनाया जा रहा है। जगह भी चिह्नित की गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसके अलावा प्रभारी अधिकारी के रूप में स्वच्छता निरीक्षक अनुराग को नियुक्त किया गया है। साथ ही राजस्व निरीक्षक एवं सुपरवाईजर्स की टीम बनाई गई है। आवारा कुत्तों से नागरिकों को जागरूक कर रही है। वेटनरी डाक्टर्स की मदद से आवारा कुत्तों के लिए वैक्सीनेशन की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। प्रभारी अधिकारी श्रीमती तिवारी ने बताया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए डॉग केचर वाहन के साथ ही टीम तैयार कर ली गई है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com